आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 12 अगस्त 2024 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-136 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### लग्जरी कार से शराब की तस्करी, 2 गिरफ्तार

**केशकाल 12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के केशकाल पुलिस को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 1,89,000 रुपए की शराब और 20 लाख रुपए की लग्जरी फार्च्यूनर कार जब्त की है। कार के जरिए शराब की तस्करी की जा रही थी। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने घाटी में उनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। शनिवार की सुबह लगभग 8 बजे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की फार्च्यूनर कार में कुछ युवक अवैध शराब लेकर रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाई। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से 28 पेटी (1400 नग) शराब मिली। शराब की पेटियों पर मध्य प्रदेश का लेबल पाया गया, जिससे यह पता चला कि शराब मध्य प्रदेश से लाई गई थी। आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम माइकल उर्फ आनंद केरकेट्टा (32) और डाकेश्वर सिंह वर्मा (28) बताया। दोनों आरोपी दुर्ग-भिलाई के रहने वाले हैं। आरोपी बेतूल (मध्य प्रदेश) से शराब खरीदकर जगदलपुर में खपाने की योजना बना रहे थे।

### मुखबिरी के शक में पूर्व सरपंच की हत्या

**सुकमा 12 अगस्त।** जिले में नक्सलियों के खौफ से घबराई हुई एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। नक्सलियों ने गांव के 18 लोगों पर पुलिस मुख्य विधि करने का आरोप लगाया था साथ ही इन्हें मौत की सजा देने का ऐलान किया था। इस लिस्ट में उसे महिला का भी नाम था जिससे वह काफी डरी हुई थी। मामला जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र के नागा राम का है। जानकारी के मुताबिक नागाराम गांव में नक्सलियों ने 18 लोगों पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया था। साथ ही इनकी एक लिस्ट जारी करते हुए इन्हें सजा देने की बात कही थी। नक्सलियों ने इस मामले पर बीते शुक्रवार उप सरपंच हेमला सुकलाल की गला रेत कर हत्या कर दी थी। नक्सलियों ने आधी रात उप सरपंच को उसकी घर से उठकर इस वारदात को अंजाम दिया था। जिससे एक गांव में दहशत का माहौल था।

### दो बाइक में टक्कर, दो की मौत

**बिलासपुर 12 अगस्त।** सीपत अमलीपारा निवासी रामलाल सूर्यवंशी, अश्वनी सूर्यवंशी व सुशीला बाई बिलासपुर से काम के बाद घर लौट रहे थे। रामलाल सूर्यवंशी की बाइक एमपी 04 वाएएम 4889 से मटियारी पंधी के बीच नयनतारा कॉलेज के पास पहुंचे थे। इस दौरान सामने से आ रही बाइक सीजी 10 बीपी 3044 से आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना में बाइक सीजी 10 बीपी 3044 में सवार दीपेश सूर्यवंशी निवासी बीटकुला हरदूली की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में घायल एमपी 04 वायएम 4889 में सवार रामलाल सूर्यवंशी, सुशीला बाई सूर्यवंशी व अश्वनी कुमार सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर 108 की टीम के चालक अनिल यादव व मेडिकल टेक्नीशियन कौशल प्रसाद मौके पर पहुंचे। घायलों रामलाल सूर्यवंशी, सुशीला बाई सूर्यवंशी व अश्वनी कुमार सूर्यवंशी का प्राथमिक उपचार कर सिम्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

### गाय चराने गई महिला की विस्फोट में मौत

**सुकमा 12 अगस्त।** जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। डूबमारका गांव की एक महिला, कवासी सुक्की, की आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब वह कल शाम करीब 5 बजे जंगल में गाय चराने गई थीं। पगडंडी मार्ग पर चलते समय महिला आईईडी की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सुकमा के एएसपी निखिल रखेजा ने घटना की पुष्टि की है।

# तिरंगे से सज गई श्रीनगर की गलियां

## पीएम मोदी बोले-यह हर किसी को करेगा प्रेरित

■ श्रीनगर 12 अगस्त।

जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा स्वतंत्रता दिवस से ठीक तीन दिन पहले निकाली गई। केंद्र शासित प्रदेश में सभी सुरक्षा बलों की यूनिफाइड कमांड तिरंगा यात्रा निकाली गई। नावों पर सवार सवारों को राष्ट्रीय ध्वज के साथ आज सुबह डल झील पार करते देखा जा सकता था। श्रीनगर की सड़कों पर तिरंगा लेकर पैदल चलने वाले लोग भी देखे जा सकते थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी तिरंगा लेकर उनके साथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सफेद कपड़े पहने हुए थे।

तिरंगा यात्रा को लेकर एलजी कार्यालय ने एक ट्वीट भी किया है। इस ट्वीट को रीट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तिरंगा यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के लोगों की यह भावना हर किसी को प्रेरित करने वाली है। इस दौरान एलजी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का हिस्सा बनें। यह अभियान राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव बनाता है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में जम्मू-कश्मीर में हर घर तिरंगा अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। पूरे केंद्र शासित प्रदेश में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने इस विचार को अपनाया है और इसे अपना गर्मजोशी और समर्थन दिया है।

मनोज सिन्हा ने कहा कि तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में नागरिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लोगों से तिरंगा रैलियों, तिरंगा संगीत समारोहों, तिरंगा कैनवास, तिरंगा शपथ, तिरंगा सेल्फी और तिरंगा मेले में भाग लेने का आह्वान किया गया। इससे पहले शनिवार को जम्मू-कश्मीर के कई अन्य इलाकों में भी तिरंगा रैलियां निकाली गईं। ये रैलियां केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित की जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर में रैलियों में लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। राष्ट्रीय ध्वज को घर ले आएं और इसे गर्व और सम्मान के साथ फहराएं।

# अनवर ढेबर आबकारी मंत्री की रखता था पावर

■ छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में ईडी का बड़ा दावा

■ रायपुर 12 अगस्त।

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला केस में मेरठ जेल से रायपुर वापस लाएं अनवर ढेबर व शराब कारोबारी अरुणपति त्रिपाठी से ईडी की टीम पूछताछ कर रही है। इसी बीच ईडी ने एक प्रेस नोट जारी कर बड़ा दावा किया है। जांच एजेंसी की तरफ से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि, सरकार में आबकारी मंत्री का पावर रखता था। तत्कालीन आईएस रहे अनिल टुटेजा के साथ मिलकर शराब सिंडिकेट चलाता था। दोनों ने मिलकर पूरे घोटाले की साजिश रची। अनिल टुटेजा के प्रभाव का इस्तेमाल कर अनवर ने आबकारी विभाग में अपने पसंदीदा अधिकारियों की नियुक्ति करवाईं।

ईडी ने अपने प्रेस नोट में आगे बताया कि तत्कालीन सरकार में 2019 से लेकर 2022 तक यह शराब घोटाला चला है। जिसमें कई तरह से भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया।पार्ट ए-ईडी ने बताया कि भ्रष्टाचार के पार्ट ए में शराब की खरीदी और बिक्री के लिए राज्य निकाय की तरफ से प्रत्येक शराब पेटी के लिए डिस्टिलर्स से रिश्वत ली। इसमें अरुणपति त्रिपाठी अपने पसंद के डिस्टिलर की शराब को परमिशन देता था जो उसे शराब घोटाला के सिंडिकेट बने हुए थे।

पार्ट बी- जांच एजेंसी ने आगे बताया कि सरकारी दुकान जरिए नकली और कच्ची शराब की बिक्री की गई। जो नकली होलोग्राम के जरिए हुई थी। यह पूरा काम अवैध शराब की बिक्री के लिए किया गया था। जिससे ?1 भी सरकारी खजाने में नहीं पहुंचा, और यह सारी राशि सिंडिकेट के लोगों के पास पहुंची।

पार्ट सी-वहीं ईडी की तरफ से पार्ट सी में बताया गया कि, इसमें कार्टेल बनाने और बाजार बाजार में एक निश्चित हिस्सेदारी रखने के लिए भी कमीशन ली गई थी। साथ ही उन लाइसेंस धारकों से भी कमीशन दिया गया जो विदेशी शराब उपलब्ध कराते थे।

# हाईवे पार्किंग के लिए नहीं हैं, ट्रैक्टर हटाएं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली 12 अगस्त।** पंजाब और हरियाणा को जोड़ने वाले शंभू बॉर्डर को आंशिक तौर पर खोलने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। सोमवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि बॉर्डर को महिलाओं और बच्चों के लिए खोल देना चाहिए। इसके अलावा एम्बुलेंस, आवश्यक सेवाओं और स्थानीय यात्रियों की आवाजाही के लिए शंभू बॉर्डर पर सड़क को आंशिक रूप से खोलने की आवश्यकता है। अदालत ने पंजाब सरकार से यह भी कहा है कि वह किसानों से बात करे और उन्हें शंभू बॉर्डर से ट्रैक्टरों को हटाने के लिए राजी करे। बेंच ने पंजाब सरकार से प्रदर्शनकारी किसानों को शंभू बॉर्डर पर सड़क से ट्रैक्टर हटाने के लिए समझाने को कहा। न्यायालय ने कहा कि राजमार्ग वाहन पार्किंग के लिए नहीं हैं। इस तरह शीर्ष अदालत ने प्रदर्शनकारी किसानों पर भी तीखी टिप्पणी की, जो कई महीने से ट्रैक्टरों को लेकर शंभू बॉर्डर पर डटे हैं। अदालत ने शंभू बॉर्डर पर सड़कों को आंशिक रूप से फिर से खोलने के लिए पंजाब, हरियाणा के पुलिस महानिदेशकों से एक सप्ताह में पड़ोसी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया।

बेंच ने इस दौरान शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत करने के वास्ते प्रस्तावित समिति के लिए गैर-राजनीतिक नाम सुझाने के लिए पंजाब, हरियाणा सरकारों की सराहना की। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों से बातचीत करने के लिए गठित की जाने वाली समिति की शर्तों पर संक्षिप्त आदेश पारित करेगा।

कोर्ट ने कहा कि एम्बुलेंस, आवश्यक सेवाओं और स्थानीय यात्रियों की आवाजाही के लिए शंभू बॉर्डर पर सड़क को आंशिक रूप से खोलने की आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब सरकार से प्रदर्शनकारी किसानों को शंभू बॉर्डर पर सड़क से ट्रैक्टर हटाने के लिए समझाने को कहा। न्यायालय ने कहा कि राजमार्ग वाहन पार्किंग के लिए नहीं हैं।

# 10 प्लेटफार्म वाला छग का पहला स्टेशन बनेगा बिलासपुर

■ बिलासपुर 12 अगस्त।

जोनल स्टेशन में अब प्लेटफार्म की कमी से ट्रेनों के पहिए यार्ड में नहीं रुकेंगे। रेल प्रशासन यहां दो नए प्लेटफार्म बना रहा है। आधा काम पूरा हो गया है। फुट ओवरब्रिज से यात्रियों के उतरने के लिए रैंप भी बन रहा है। इसका लोहे खांचा तैयार भी हो गया है। जैसे ही कार्य पूरा हो जाएगा, उसके बाद इस स्टेशन में 10 प्लेटफार्म हो जाएंगे।

बिलासपुर में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन का मुख्यालय है। जोनल स्टेशन होने के कारण यहां सुविधाओं का विस्तार भी उसी तरह किया जा रहा है। पिछले साल स्टेशन उस पार के लोगों के लिए प्रवेश द्वार, टिकट घर व पार्किंग की सुविधा दी गई। अब उस पार के यात्री इस टिकट घर से जनरल टिकट लेकर स्टेशन में प्रवेश करते हैं। सुविधाएं बढ़ाने के लिए रेलवे ने कई ऐसी योजनाएं बनाई हैं, जिससे यात्रा न केवल सुविधाजनक होगी, बल्कि ट्रेनों की गति भी बढ़ेगी।

450 करोड़ की लागत से यार्ड रिमाडलिंग की योजना है। इसमें नया आरआरआइ केबिन से लेकर कई प्रमुख कार्य होंगे। कार्यों की सूची में एक काम नए प्लेटफार्म का भी है। प्लेटफार्म चार-पांच के बाद दो नए प्लेटफार्म बनाए जा रहे हैं, जो नौ व 10 नंबर प्लेटफार्म कहलाएंगे।

हालांकि इनके निर्माण के बाद इतनी जगह है कि भविष्य में प्लेटफार्म की संख्या तीन से चार और बढ़ाई जा सकती है। इस प्लेटफार्म व यार्ड रिमार्डलिंग से ट्रेनें यार्ड या इससे पहले नहीं ठहरेंगी। अक्सर यह होता है कि प्लेटफार्म की कमी के कारण ट्रेनों को आउटर पर नियंत्रित कर दिया जाता है। जिसके चलते यात्री परेशान होते हैं।

कई बार तो यात्री इतने नाराज होते हैं कि रेल मंत्रालय से लेकर महाप्रबंधक, डीआरएम को शिकायत कर देते हैं। स्टेशन में आई समस्या की जानकारी उन्हें नहीं होती। आने वाले दिनों में काफी हद तक इस तरह की शिकायत करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

दोनों नए प्लेटफार्म वर्ष 2025 तक बनकर तैयार हो जाएंगे। इतने ही दिनों का लक्ष्य रेलवे ने रखा है, क्योंकि मापदंडों के अनुसार व सर्वसुविधायुक्त प्लेटफार्म तैयार करना आसान नहीं है। इसका निर्माण चौथी लाइन को देखते हुए भी किया जा रहा है।

# देश में आर्थिक अराजकता की हो रही साजिश: रविशंकर

**नई दिल्ली 12 अगस्त।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधवी बुच के खिलाफ अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर विपक्ष हमलावर हो गया है। इन सब के बीच भाजपा की ओर से आज पलटवार किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद रविशंकर प्रसाद ने इसको लेकर एक संवाददाता सम्मेलन किया और विपक्ष की मंशा पर सवाल खड़े किए। प्रसाद ने कहा कि तीसरी बार हारने के बाद कांग्रेस पार्टी, ईडी गठबंधन के लोग और उनको प्रमोट करने वाले टूल किट के लोग भारत को आर्थिक रूप से अस्थिर करने के षड्यंत्र में जुटे हुए हैं।

भाजपा नेता ने आगे कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट शनिवार को रिलीज होती है, रविवार को हल्ला मचता है ताकि सोमवार को पूरे कैपिटल मार्केट को अस्थिर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के क्षेत्राधिकार में अपनी जांच पूरी करने के बाद सेबी ने हिंडनबर्ग के खिलाफ जुलाई में एक नोटिस दिया था। अपने बचाव में जवाब देने की बजाय हिंडनबर्ग ने ये रिपोर्ट पेश की है, जो पूरी तरह आधारहीन है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता द्वारा ठुकराए जाने के बाद, कांग्रेस पार्टी, उसके सहयोगी दल और टूलकिट गिरोह ने मिलकर भारत में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश रची है? उन्होंने कहा कि भारत शेयरों के मामले में भी सुरक्षित, स्थिर और आशाजनक बाजार है। बाजार को सुचारू रूप से चलाना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है।

## कांग्रेस का देशप्रेम दिखावा: साव

**रायपुर12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों भाजपा के तिरंगा यात्रा को लेकर सियासत गरमा गई है. देश के बंटवारे को लेकर भाजपा स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने जा रही है. इसके लिए भाजपा लगातार हर घर तिरंगा कार्यक्रम चला रही है. इस दिन भाजपा अलग-अलग विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकालेगी. वहीं कांग्रेस इस दिन संविधान यात्रा निकालने जा रही है. पक्ष और विपक्ष के इन यात्राओं को लेकर दोनों में वार-पलटवार का दौर जारी है. डिप्टी सीएम अरुण साव ने तिरंगा यात्रा के दिन ही कांग्रेस के संविधान यात्रा निकालने को लेकर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है. भाजपा अलग-अलग योजनाओं से सम्मान और गौरव बढ़ाने का काम कर रही है. कांग्रेस नकल कर सकती है, भाजपा बड़े धूम धाम से तिरंगा यात्रा निकालने वाली है. वहीं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दीपक बैज के तिरंगा यात्रा को नागपुर की मुख्य शाखा से निकालने वाले बयान का पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को उनकी बयानबाजी का स्पष्टीकरण मिल चुका है, कांग्रेस वही घिसा पिटा टेप चलाती रहती है।

## जम्मू-कश्मीर में 4-5 चरणों में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव

**श्रीनगर 12 अगस्त।** जम्मू-कश्मीर में अगर सब कुछ ठीक रहा तो यहां जल्द ही विधानसभा चुनाव हो सकता है. चुनाव आयोग के आकलन में अब तक सामने आया है कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराना काफी चुनौतीपूर्ण काम है, निर्वाचन आयोग अलग-अलग समय पर चुनाव कराने के ऑप्शन को देख रहा है. सूत्रों के मुताबिक, सबसे पहले उत्तरी कश्मीर में चुनाव हो सकता है. इसके बाद उत्तरी और दक्षिणी कश्मीर, फिर मध्य कश्मीर और जम्मू में चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई जा सकती है. पिछले हफ्ते जम्मू-कश्मीर प्रशासन और सुरक्षा विभागों ने चुनाव आयोग को रिपोर्ट सौंपी है. इसमें बताया गया है चुनाव के लिए यहां क्या-क्या ऑप्शन हो सकते हैं. जम्मू-कश्मीर में 4-5 चरणों में चुनाव कराया जा सकता है. चुनाव आयोग के प्रमुख राजीव कुमार के नेतृत्व में पूरा आयोग 8 से 10 अगस्त तक श्रीनगर और जम्मू में चुनाव की तैयारियों को लेकर दौरा कर चुका है. 2014 में जम्मू-कश्मीर में आखिरी विधानसभा चुनाव का आयोजन 5 चरणों में हुआ था।

# पाकिस्तान के साथ मिली हुई है भारतीय सेना

■ फारूक अब्दुल्ला का वाहियात बयान, आजाद बोले- आरोप बहुत दुर्भाग्यपूर्ण

**नई दिल्ली 12 अगस्त।** आतंक के खिलाफ जम्मू कश्मीर में जारी ऑपरेशन के बीच फारूक अब्दुल्ला ने सेना के खिलाफ जहर उगला है। उन्होंने कहा कि देश की सेना दुश्मनों के साथ मिली हुई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने सुझाव दिया कि सीमा पार से घुसपैठ और जम्मू-कश्मीर में नशीले पदार्थों की तस्करी में वृद्धि के लिए मिलीभगत जिम्मेदार है। उन्होंने किश्तवाड़ में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे बताइए, हमारी सीमा पर इतनी सेना है, किसी देश के पास इतनी सेना नहीं है। फिर भी ये लोग यहाँ कैसे आये? ये दवाएँ अस्तित्व में कैसे आईं? हमारे पास सीमा पर बहुत सारे सैनिक तैनात हैं। किसी अन्य देश में ऐसी तैनाती नहीं है। वे (आतंकवादी) कैसे आ रहे हैं? नशीले पदार्थ कैसे आ रहे हैं? उन्होंने हमारे विनाश के लिए मिलीभगत कर ली है।

अब्दुल्ला ने कहा कि हमने उन पर (प्रतिष्ठान पर) दस वर्षों तक विश्वास किया और विश्वास किया, लेकिन उन्होंने कहा एक बात और किया कुछ और। हमारे शिक्षित बच्चों ने विरोध किया और लाठियों का सामना किया, उन्होंने कहा कि वह एनसी कार्यकर्ताओं पर हुए अत्याचारों की व्याख्या नहीं कर सकते। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा अयोध्या में भी हार गई, जहां उन्होंने राम मंदिर का निर्माण किया, क्योंकि लोगों के घरों को ध्वस्त कर दिया गया और हवाई अड्डों और सड़कों के निर्माण के लिए उनकी जमीनें छीन ली गईं। उन्होंने लोगों से केंद्र शासित प्रदेश के भविष्य की सुरक्षा और आगामी विधानसभा चुनावों में उनके समर्थन के लिए एकजुट होने की अपील की। बयान पर विवाद खड़ा होने के बाद अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि वह सिर्फ इस बात का जवाब चाहते हैं कि सैकड़ों की संख्या में ड्रग्स और आतंकवादी देश में कैसे प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सीमा केंद्र सरकार का विषय है और हमारे गृह मंत्री और रक्षा मंत्री को बोलना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र शासित प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने घाटी के दिग्गज नेता की कड़ी आलोचना की है। जम्मू-कश्मीर के शीर्ष पुलिस अधिकारी आरआर स्वैन ने नेता पर निशाना साधा और कहा कि बयान निंदनीय है, जबकि भाजपा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि अब्दुल्ला ने पहले भी ऐसे विवादास्पद बयान दिए हैं। वहीं, गुलाम नबी आजाद के नेतृत्व वाली डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी ने फारूक अब्दुल्ला की टिप्पणी पर आपत्ति जताई और कहा कि एनसी सुप्रीमो द्वारा लगाए गए आरोप बहुत दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

क्रिकेट: भारत का श्रीलंका दौरा: तीन-तीन एक दिवसीय, टी-20 मैच की श्रृंखला, भारत का चिंतनीय प्रदर्शन

jasclaudius@gmail.com

# ओलंपिक खेलों को बढ़ावा के अभियान में रोड़ा क्यों?

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गत 26 जुलाई 11 अगस्त तक आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन पेरिस, फ्रांस में सम्पन्न हुआ। यह एक बहुखेल स्पर्धा है जिसकी शुरूवात 1896 में एथेंस यूनान से हुई। बहुखेल प्रतियोगिता अर्थात् निर्धारित ओलंपिक खेलों के मुकाबले। इस प्रतिस्पर्धा को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) द्वारा मान्यता प्राप्त है। हसमें शामिल खेलों को कोर गेम्स कहा जाता है। फिलहाल 28 खेलों को प्रमुख खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। इनमें जलक्रीड़ा (कलात्मक तैराकी, गोताखोरी, मैराथन तैराकी, तैराकी, वाटर पोलो), तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबाल (बास्केटबाल 3×3 बास्केटबाल), मुक्केबाजी, ब्रेकिंग, कैनोइंग (स्लैलम, स्प्रिंट), सायकल चलाना (बीएमएक्स फ्रीस्टाइल, बीएमएक्स रेसिंग, माउंटेन बाइकिंग, सड़क, ट्रेक), घुड़सवार (ड्रेसेज, इवेंटिंग, कूदना), तलवारबाजी, फील्ड हाकी, फुटबाल, गोल्फ, कसरत (कलात्मक, लयबद्ध, ट्रेम्पोलिन), हैंडबाल, जूडो, आधुनिक पेंटाथलान, पाल नौकायन, रग्बी सेवंस, नौकायन, निशानेबाजी, सर्फिंग, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, ट्रायथलान, व्हालीबाल (व्हालीबाल, बीच व्हालीबाल), भारोत्तोलन और कुश्ती (फ्रीस्टाईल, ग्रीको रोमन) शामल थे उपरोक्त के अलावा पेरिस 2024 ओलंपिक में स्केटबोर्डिंग, क्लाइबिंग, सर्फिंग, ब्रेकिंग चार ऐसे अतिरिक्त खेल थे जिन्हें शामिल कया गया था। पेरिस 2024 के ओलंपिक में भारत के 117 एथलीट ने उपरोक्त में से 16 खेलों में दम दिखाया तथा एथलेटिक्स के भालाफेंक इवेंट में एक रजत, निशानेबाजी में तीन कांस्य, कुश्ती, हाकी में एक-एक कांस्य सहित मात्र 6 पदक जीतने में सफलता मिली। दूसरी तरफ क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज, खो-खो आदि ऐसे खेल हैं जिन्हें गैर ओलंपिक खेल कहा जाता है। विश्व स्तर पर जिसकी गतिविधियों का संचालन उनकी अपनी अंतर्राष्ट्रीय खेल फेडरेशन द्वारा किया जाता है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि क्रिकेट के अलावा सभी गैर ओलंपिक खेल संगठनों द्वारा ओलंपिक खेलों की गरिमा का ध्यान रखा जाता है और पूरे संसार में ओलंपिक खेलों के दौरान किसी भी गैर ओलंपिक खेल की अंतर्राष्ट्रीय या महाद्वीपीय टूर्नामेंट का आयोजन नहीं होता। जैसे इस वर्ष 26 से 11 अगस्त 2024 तक ओलंपिक खेलों के आयोजन के दौरान क्रिकेट को छोड़कर किसी भी अन्य खेल की विश्व या अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा आयोजित नहीं हुई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओसी) दो अलग-अलग खेल संस्थाएं हैं जिनका कार्यक्षेत्र अलग-अलग है। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता और भारत में ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने की प्रक्रिया दो अलग-अलग विषय है। हमारे देश की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए ओलंपिक खेलों की विश्व, अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के खिलाड़ियों की उपलब्धि की तुलना की जाती है तो दुनिया के खेल जगत में हमें हेय दृष्टि से देखा जाता है। इसके कारण कई बार हास उपहास का कारण बनते हैं। खेलों में परिस्थिति जब ऐसी है तो फिर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का किसी भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के आयोजन के पूर्व इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हमारे देश के खेल वातावरण में बदलाव लाने के लिए वे भी सहयोग करें। यह तभी संभव है जब कम से कम दुनिया के किसी देश में जब चारवर्ष में एक बार ओलंपिक खेलों का आयोजन चल रहा है तब भारत का किसी अन्य देश के साथ क्रिकेट के टेस्ट मैच, एक दिवसीय सीमित ओवर के या टी-20 के मुकाबले की कोई श्रृंखला का आयोजन किसी भी हालत में ना हो। इस बार जबकि पहले से श्रीलंका में भारतीय क्रिकेट टीम के दौरे का कोई कार्यक्रम नहीं था फिर भी ठीक जबकि 26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन कई वर्षों पूर्व होना तय था ठीक उसी दौरान जुलाई 27 से अगस्त 7, 2024 भारतीय क्रिकेट टीम का श्रीलंका दौरा तय कर दिया। चूंकि भारत में क्रिकेट ज्यादा लोकप्रिय है अतः युवाओं का ध्यान या खेलप्रेमियों का ध्यान ओलंपिक खेलों से हटकर भारत-श्रीलंका टी-20 व एक दिवसीय सीरीज की ओर चला गया। ऐसा बीसीसीआई को नहीं करना था इससे भारत में ओलंपिक अभियान को नुकसान हुआ है।

# केजरीवाल ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट में लगाई गुहार

**नई दिल्ली 12 अगस्त।** कथित शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को मिली राहत के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. केजरीवाल ने सीबीआई केस में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के साथ जमानत के लिए याचिका दायर की है. सुप्रीम कोर्ट से मनी लॉन्ड्रिंग केस में पहले ही अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल चुकी है. केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट के 5 अगस्त के फैसले को चुनौती दी है. हाई कोर्ट ने कहा था कि ना तो केजरीवाल की गिरफ्तारी अवैध है और ना ही बिना कारण है. केजरीवाल की याचिका को सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ के सामने उठाते हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सेक्शन 45 (PMLA) के तहत 3 जमानत आदेश हैं और यह जमानत याचिका बिना सेक्शन 45 के है. इस पर सीजेआई ने उन्हें इंमेल करने को कहा।

## एक नजर

### 5 किलो गांजा सहित महिला गिरफ्तार

**भिलाई, 12 अगस्त।** भिलाई वैशाली नगर थाना अंतर्गत गांजा की बिक्री के अपने पास खेप को छुपाकर रखने वाली महिला तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के कब्जे से पुलिस ने करीब पौने पांच किलो गांजा बरामद किया हैए जिसकी मार्केट में एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत आंकी गई है पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफएनडीपीएस एक्ट की धारा 20 ;खद्ध के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि कैंप.1 वृंदा नगर गणेश मंदिर के पास निवासी बिरो ;65 वर्षद्ध को गिरफ्तार किया है। शनिवार सुबह करीब 8 बजे मुखबिर सूचना मिली कि वृंदा नगर गणेश मंदिर के पास महिला गांजा बिक्री कर रही है इस पर एक टीम मौके पर जाकर तस्दीक करने पहुंची मुखबीर ने बिरो नाम की महिला के घर में खड़ी एसयूवी गाड़ी में गांजा रखे होने की जानकारी दी। इस पर महिला के घर रेड मारी गई। गाड़ी की तलाशी के दौरान कुल 4 किलो 736 ग्राम गांजा बरामद हुआ। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है ।

### लोहे के एंगल चुराने वाले पकड़े गए

**भिलाई, 12 अगस्त।** भिलाई नगर निगम भिलाई के पीछे निर्माण के लिए रखे लोहे का एंगल एवं पाइप चुराने वाले चार चोरों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से चोरी का लोहे का एंगल एवं पाइप जब्त किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि 10 अगस्त को अंकुश अग्रवाल निवासी चौहान टाउन जुनवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि नगर निगम भिलाई के पीछे निर्माण के लिए रखे लोहे का पाइप एवं एंगल रखा गया थाए जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि दक्षिण गंगोत्री पटरी के पास 3.4 लड़के लोहे का एंगल छुपा रहे है। सूचना मिलते ही घेराबंदी कर मोनू साहू ;20 वर्षद्ध निवासी संजय नगर सुपेलाए संदीप विश्वकर्मा ;21 वर्षद्ध निवासी संजय नगर सुपेला एवं दो नाबालिग को पकड़ा। पूछताछ करने पर नगर निगम के पीछे निमाणं कार्य के लिए रखे लोहे का एंगल एवं पाइप चोरी करना स्वीकार किया आरोपियों के कब्जे से लोहे का एंगल एवं पाइप कुल कीमत 70 हजार रुपए का जब्त किया गया ।

### हरे कृष्ण मूवमेंट कराएगा कृष्ण जन्माष्टमी पर विविध आयोजन



**भिलाई, 12 अगस्त ।** हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 26 अगस्त को जन्माष्टमी का आयोजन किया जा रहा है। कृष्ण जन्माष्टमी का यह उत्सव उसके दो दिन पूर्व 24 अगस्त से ही केरल के श्री गुरुवायूर मंदिर के पूर्व मुख्य पुजारी के नेतृत्व में पुजारियों की टीम द्वारा पूजा और अनुष्ठान करने के साथ प्रारंभ हो जायेगा। उक्त जानकारी पत्रकारों से चर्चा करते हुए हरे कृष्ण मूवमेंट के अध्यक्ष व्योमपाद दास ने दी। महाराज व्योमपाद दास ने आगे बताया कि 24 अगस्त को प्रातः 8 बजे गायत्री हवन एवं पुरुष सुक्तम, शाम 6 बजे सुदर्शन हवन एवं कलश पूजन, 25 अगस्त को सुबह 8 बजे धन्वंतरि हवन, धन्वंतरि पूजा, 108 कलश पूजा और अधिवास हवन किया जायेगा। वहीं 26 अगस्त की शाम 6 बजे भगवान कृष्ण की लीला पर एक नृत्य-नाटिका की प्रस्तुति होगी। इसके बाद जन्माष्टमी रात्रि अभिषेक, नौका विहार, कीर्तन, मध्यरात्रि आरती की जाएगी और प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि इसके अतिरिक्त हमारा वार्षिक बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, हेरिटेज फेस्ट, 21 से 25 अगस्त तक आयोजित किया जायेगा, जिसमें कला, संगीत और नृत्य प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। उन्होंने लोगों से अपील की इसकी जानकारी या पंजीयन के लिए हमारे कार्यालय सेक्टर 6 कालीबाड़ी के पास स्थित अक्षय पत्र में संपर्क कर सकते हैं।

### कला अकादमी के बोर्ड मेम्बर ने किया भुवनेश्वर रीजनल सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण

**भिलाई, 12 अगस्त ।** ललित कला अकादमी

के भुवनेश्वर रीजनल सेन्टर उड़ीसा का छत्तीसगढ़ के प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ. अंकुश देवांगन ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहां किये जा रहे विभिन्न कलात्मक क्रियाकलापों का सूक्ष्म अध्ययन किया। हाल ही में सांसद विजय बघेल ने नवनियुक्त केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से नई दिल्ली में मुलाकात की है जिसके परिप्रेक्ष्य में उनका यह दौरा था। स्वयं सांसद द्वारा इस विषय पर निरंतर कलाकारों का समर्थन किए जाने से कला जगत के विशेषज्ञों का मानना है कि नया सेन्टर पूरे भारतवर्ष में सबसे बड़ा और आदर्श सेन्टर बन सकता है। भिलाई शहर मूर्तिकला और चित्रकला से परीपूर्ण एक विशिष्ठ नगर की पहचान बना सकता है। यही वजह है कि यहां नये रीजनल सेन्टर सेटअप के मद्देनजर अंकुश देवांगन ने भुवनेश्वर रीजन का दौरा किया है। उन्होंने वहां के अधिकारियों के साथ लंबी मीटिंग ली है और उनके वर्ष भर के कार्यक्रमों को समझा है। ताकि आने वाले समय में भिलाई के क्रियाकलापों को अंजाम दिया जा सके। इस दौरान भुवनेश्वर के रीजनल सेक्रेटरी रामकृष्ण वेदाला एवं अन्य अधिकारियों ने अंकुश देवांगन तथा उनकी धर्मपत्नी डॉ. सरिता देवांगन का हार्दिक स्वागत किया। ज्ञातव्य हो कि भुवनेश्वर रीजन के अंतर्गत छः राज्य आते हैं जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। वर्तमान समय में यहां खैरगढ़ संगीत विश्वविद्यालय तथा देश के अन्य विश्वविद्यालय के छात्र रिसर्च स्कॉलर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

# सेलूद में मनाई गई छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनी माता की पुण्यतिथि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 अगस्त।** ग्राम सेलूद में संत शिरोमणि मिनी माता की पुण्यतिथि मनाई गई द्य मिनी माता का जन्म 15 मार्च 1916 को हुआ था। मिनीमाता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की सीनियर लीडर थी। मिनी माता का वास्तविक नाम मीनाक्षी देवी था, लेकिन उनकी ख्याति मिनी माता के नाम से हुई द्य मिनी माता छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद हैं। वो 1955 के उपचुनाव को जीतकर पहली बार सांसद पहुंची थी। वो अविभाजित मध्यप्रदेश की अलग-अलग संसदीय सीट से सांसद निर्वाचित हुईं। राजनीति के साथ-साथ समाज सेवा के कारण भी उनकी लोकप्रियता थी। उनकी समाज सेवा के कारण ही लोग उन्हें मिनी माता के नाम से पुकारते थे। मिनी माता ने सतनामी समाज के लिए कई सराहनीय काम किए है। उनके बातों को सर्व समाज ने स्वीकार किया और समाज सुधार की दिशा में कार्य किया द्य समाज में पिछड़ापन और छुआछूत जैसी तमाम कुरीतियों को दूर करने के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। संसद में अस्पृश्यता बिल को पास कराने में मिनीमाता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बाल विवाह, दहेज प्रथा, गरीबी और अशिक्षा दूर करने के लिए भी मिनीमाता लगातार आवाज उठाती रहीं द्य सामान्य और मध्यवर्गीय परिवार से होने के कारण छत्तीसगढ़ की जनता का मिनीमाता से सीधा जुड़ाव था। इसी वजह से प्रदेश की जनता उन्हें राजमाता जैसा सम्मान देती थी। छत्तीसगढ़ के लोग मिनीमाता से इतना प्यार करते हैं कि आज भी प्रदेश सरकार उनके सम्मान में हर वर्ष महिलाओं के विकास के क्षेत्र में काम करने वालों को मिनीमाता सम्मान देती है। छत्तीसगढ़ का विधानसभा भवन भी उनके नाम पर ही बना है। ग्राम सेलूद वासियो ने मिनी माता को उनके पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित करने लिए एकत्रित हुए और अपने अपने विचार रखते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा को आत्मसात किये द्य पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा मध्यमण्डल अध्यक्ष खेमलाल साहू, सेलूद सरपंच खेमिन साहू, हृपेन्द्र साहू सचिव, रेणुका कुर्रे, रमेश देवांगन, गोविंद साहू, जयंत साहू, लवण बंजारे, टामन साहू, नरोत्तम साहू, रिखी राम सेन, सुरेंद्र बंछोर, नंदकुमार तिवारी, रामसिंग पठारी, भोज साहू, नंद ठाकुर, सुनीता सेन, भोज साहू, तुलेश्वरी साहू, सीता बंछोर, दिलेश्वरी देवांगन, होमा देवांगन, पीताम्बरी साहू, विमला साहू, दामनी धनकर, नारायणदास, गोपाल चंदेल, ओमप्रकाश साहू, शेष नारायण, भेष नारायण , शैल साहू, राजू देवांगन, लखन सेन, अशोक जैन, उमेश सिन्हा, चम्मन साहू, प्रकाश साहू, अशोक यादव, दिनेन्द्र जांगड़े, लक्ष्मण वर्मा, गोदावरी साहू, चित्ररेखा साहू, लोकेश्वरी वर्मा, शारदा वर्मा, मंजू साहू, देवला साहू, हठयारीन धनकर, तुलेश्वरी साहू, दीपिका साहू, कामिनी साहू, ललिता बनपेला, गायत्री यादव, सहित बच्चे और सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## मिनी माता ने शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई वह अद्वितीय

**उतई, 12 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल द्वारा ग्राम पंचायत खोपली में छत्तीसगढ़ के प्रथम महिला सांसद मिनीमता जी की पुण्यतिथि को स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। मिनीमाता जी की मूर्ति में पुष्प माला ,पूजा अर्चना कर उसकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने कहा है कि मिनीमाता जी ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई, वह अद्वितीय है।

उन्होंने समाज के उपेक्षित और शोषित वर्गों के उत्थान के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित कर दिया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है, और उनके आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर फत्तेलाल वर्मा भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष,सोनू राजपूत भाजपा उतई मंडल महामंत्री,मंजू वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत खोपली,सत्यवती भारती पूर्व जनपद सदस्य,फुलेश्वरी पाटिल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,प्रवीण यदु भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष उतई मंडल,सुभम वर्मा भाजपा युवा मोर्चा उपाअध्यक्ष उतई मंडल, करण सेन भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री उतई मंडल,राजूलाल साहू सांसद प्रतिनिधि,पुरन भारती,छोटू ठाकुर,उपस्थित रहे।

# आत्मानंद स्कूल में यातायात नियम के प्रति छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 अगस्त।** आत्मानंद स्कूल पोड़ी में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्कूली बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिये ए एस आई राजकुमार चंद्रवंशी के द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई । इस दौरान स्कूली बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान ए एस आई राजकुमार चंद्रवंशी ने बताया कि शिक्षक एवं बच्चों को यातायात नियमों का पालन किसी डर भय से नही बल्कि स्वयं की सुरक्षा हेतु जिम्मेदारी से करने के प्रति जागरूक किया गया, जिससे कि सुरक्षित व सुव्यवस्थित समाज बनाने में सहायता मिलें।सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने से निश्चित रूप से दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगेगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सड़क में प्रवेश करने तथा चलने के नियम, यातायात संकेत, सड़क दुर्घटना के कारण एवं बचाव व सावधानियों के साथ-साथ मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने को कहा गया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य संकुल के समस्त शिक्षक सहित पालक और विद्यार्थी मौजूद रहे ।

## पुलिस कप्तान ने निशुल्क बस परिवहन का किया शुभारंभ

**कवर्धा, 12 अगस्त।** पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा पुलिस अधिकारी/जवानों के बच्चे जो केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, उन सभी बच्चों के स्कूल जाने व स्कूल से वापस आने हेतु निशुल्क बस परिवहन की सेवा उपलब्ध कराया गया है। कबीरधाम जिले के पुलिस विभाग में नियुक्त अधिकारी/जवान जो अलग-अलग थाना/चौकी/ नक्सल क्षेत्र में तैनात है, तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने हेतु केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर में एडमिशन करा विद्यालय भेज रहे हैं। व्यस्त ड्यूटी शेड्यूल के कारण उन सभी के द्वारा बच्चों के स्कूल आने जाने हेतु परिवहन की चिंता व्यक्त की गई थी। जिसकी सूचना कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान को मिलते ही बिना विलंभ किये, आज दिनांक-12.08.2024 को प्रातः 6ः30 बजे पुराना पुलिस लाइन से शासकीय बस को पुलिस परिवार के विद्यार्थी छात्र-छात्राओं के परिवहन हेतु उपलब्ध करा पुलिस ध्वज दिखाकर विद्यालय रवाना किया गया। पुलिस कप्तान के इस पहल से पुलिस परिवार के सैकड़ो बच्चों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक लालजी सिंह एवं अधिक संख्या में पुलिस परिवार एवं बच्चे उपस्थित रहकर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के इस पहल की खूब सराहना की गई।

# 31,000 घरों से प्राप्त एक मुट्ठी दान से बनेगा महाप्रसाद, निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 अगस्त।** बोल बम कांवड़ यात्रा समिति पाटन क्षेत्र के तत्वाधान में 12 अगस्त को कांवड़ यात्रा की तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। बोल बम कांवड़ यात्रा समिति के संयोजक जितेंद्र वर्मा ने जानकारी देते कहा कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन की तैयारी भव्य रुप से पूर्ण हो चुकी हैं। 12 अगस्त 2024 को पाटन क्षेत्र के चारों दिशाओं से हजारों कांवाडिया कांवड़ लेकर पाटन पहुंचेंगे और पाटन से सभी एक साथ बोल बम के जयघोष के साथ टोलाघाट पहुंचेंगे और सर्व कल्याणर्थ की कामना को लेकर स्वयंभु प्राचीन शिवालय में भोलेनाथ को जल अर्पित करेंगे।जितेंद्र वर्मा संयोजक ने आगे कहा कि हमारी तैयारी पुरी हो चुकी हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर सभी शिवभक्त उत्साहित हैं। गांव-गांव से पहुंचे सभी शिवभक्त ठकुराईन टोलाघाट में भगवान भोलेनाथ जी के रुद्राभिषेक में शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम से प्राप्त पाटन क्षेत्र के लगभग 31000 घरो से प्राप्त दान से बनाएं जा रहे महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। यह पहली बार होगा जब भगवान शंकर को क्षेत्र के 31000 घरों से प्राप्त अन्न को अर्पण कर महाप्रसाद बनाया जा रहा हैं। सावन के पवित्र माह में महाप्रसाद को ग्रहण करना बहुत ही सौभाग्य की बात हैं।जितेंद्र वर्मा ने कांवड़ यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 8ः00 बजे ओग्गर तालाब पाटन में स्थित शिवलिंग में पूजा अर्चना कर कांवड़ यात्रा पाटन से बोल बम के जयघोष के साथ निकलेगी। सभी शिवभक्त सुबह पाटन पहुंचेंगे और ओग्गर तालाब में पूजा अर्चना कर 9ः00 बजे टोलाघाट के लिए रवाना होंगे। सभी शिवभक्त डीजे के धुन में मग्न होकर गाजे बाजे के साथ कंधा में कांवड़ लेकर बोल बम कर नारा है, बाबा एक सहारा है के उद्घोष के साथ टोलाघाट पहुंचेंगें। टोलाघाट में विराजमान स्वयंभु प्राचीन शिवलिंग में 11ः00 बजे सभी शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे एवं पं. कृष्ण कुमार तिवारी जी के सानिध्य में सर्व कल्याणर्थ की कामना को लेकर संयोजक जितेंद्र वर्मा जी द्वारा रुद्राभिषेक कर पूजा अर्चना करेंगे एवं महाआरती के पश्चात दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। टोलाघाट सहित पुरे क्षेत्र को भक्ति व शिवमय बनाने के लिए रंग सागर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया हैं।

### बौद्ध समाज ने किया विधायक प्रतिनिधि रीना चौहान का सम्मान

**भिलाई, 12 अगस्त ।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने समाजसेवी श्रीमती रीना चौहान को अपना प्रतिनिधि बनाया है। स्थानीय बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों ने श्रीमती रीना चौहान के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें श्रीमती चौहान का सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने समाज का आभार व्यक्त करते हुए विधायक रिकेश सेन के नेतृत्व में सामाजिक उत्थान और विकास का भरोसा दिया। अपने सम्मान को लेकर श्रीमती रीना चौहान ने कहा कि अपनों के द्वारा मिलने वाला सम्मान किसी के लिए भी गौरव की बात होती है।

# कांवड़ पदयात्रा पर निकले विधायक ने देवबलोदा शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 अगस्त ।** भिलाई और पूरे छत्तीसगढ़ की जनता, किसान, मजदूर, आम नागरिकों के हित और विकास के साथ ही सभी के सुख-शांति खुशहाली और समृद्धि की कामना लेकर सोमवार को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भव्य कावड़ पदयात्रा की शुरुआत की। हजारों भक्तों के साथ जय-जय महाकाल, हर-हर महादेव के जयकारे के साथ कांवड़ यात्रा निकाली गई है। सबसे पहले सुबह करीब 5.30 बजे विधायक यादव शिवनाथ नदी के तट पर पहुंचे। पवित्र शिवनाथ नदी दुर्ग में स्नान किये । शिवनाथ तट पर स्थित शिवालय में भगवान शंकर की आराधना की। शिवलिंग में दूध और जल से महाअभिषेक किया गया। इसके बाद संकल्प लेकर देवबलौदा स्थित भोलेबाबा की प्राचीन मंदिर में जल चढ़ाने के लिए भक्तों के साथ पैदल कांवड़ में जल लेकर निकले। इस बार 1 हजार से अधिक महिलाएं पुरुष व युवा साथी भी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। नगे पैर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव हजारों भक्तों के साथ अपने कांवड़ में शिवनाथ का जल लेकर यात्रा कर रहे है। कांवड़ यात्रा का पूरे शहर भर में जगह-जगह पर हर चौक में भव्य स्वागत किया गया। शिवनाथ नदी के निकलने के बाद गंजपारा चौक में सैकड़ों भक्तों ने कांवड़यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। फल-जूस आदि वितरण किए। डीजे की धुन में हर हर महादेव, मेरा भोला है भंडारी जैसे भक्तिगीत में भक्त झूमते नाचते यात्रा कर रहे ।

### दुर्ग महापौर और पूर्व विधायक अरूण वोरा हुए शामिल

यात्रा सुबह दूर के शिवनाथ नदी से निकली उसके पश्चात अरुण वोरा पूर्व विधायक दुर्गा के द्वारा रास्ते में यात्रा का स्वागत किया गया तत्पश्चात दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल के द्वारा स्वागत किया गया और वह दुर्ग से सेक्टर 9 तक विधायक देवेंद्र यादव के साथ चले।

## रिसाली में तिरंगा के सम्मान में रैली आयुक्त मोनिका ने दिखाई झंडी

**रिसाली।** देशव्यापी अभियान तिरंगा रैली नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में रविवार को निकली गई। रैली में निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्य,पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि समेत निगम के ब्रांड एंबेसडर शामिल हुए। रैली को हरी झंडी निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिखाई। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देश के सम्मान में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिला स्तर पर तिरंगा रैली का आयोजन निगम क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि रैली राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में है। देश के नागरिक होने के नाते हमें राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने अपील की है कि 15 अगस्त को घरों में तिरंगा लगाए और दूसरों को प्रेरित भी करे। उन्होंने पैदल चलकर रैली को नगर भ्रमण के लिए मुख्य कार्यालय से रवाना किया। इस अवसर पर एम आई सी अनूप डे, पार्षद गजेंद्री कोठारी, ममता सिन्हा, रमा साहू, विधि यादव, शीला नारखेड़े, ब्रांड एंबेसडर रजनी रजक, विधायक प्रतिनिधि के रूप में शैलेंद्र शिंडे, राजू जघेल, दशरथ साहू, बी एस एफ के जवान, निगम के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

### रैली में सैकड़ों बाइक

रैली में 100 से अधिक बाइक थी। रैली निगम मुख्य कार्यालय से होते हुए, कल्याणी मंदिर, रिसाली बस्ती, शिवाजी चौक, कृष्णा टाकीज रोड, जोहार चौक, डी पी एस चौक, पोस्ट आफिस रिसाली मार्ग, बी एस पी मार्केट, दशहरा मैदान, मरोदा सेक्टर, मैत्री गार्डन चौक, बी आर पी गेट होते वापिस निगम कार्यालय पहुंची।

# हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेगा वैश्विक समुदाय:प्रकाश

**भिलाई, 12 अगस्त ।** सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं नागरिक विचार संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रकाश कुमार शर्मा ने बांग्लादेश की वर्त्तमान घटना पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि बांग्लादेश में महिलाओं, बच्चों से लेकर हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार को वैश्विक समुदाय बर्दाश्त नहीं करेगा। बांग्लादेश में लगातार मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वहां की विस्फोटक स्थिति सँभालने में बहुत देर की जिससे माहौल बिगड़ गया। यह वास्तव में एक बहुत ही दुखद और निंदनीय घटना है। जिसका वैश्विक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शेख हसीना ने अपने इस्तीफे से पहले बांग्लादेश में कानून और व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए भारतीय सेना को शामिल करने हेतु हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सहायता क्यों नहीं माँगा ? उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राजनीति में कई निर्णय संभावित हानि और लाभ के आधार पर लिए जाते हैं। ऐसे में देखना है यह परिघटना कितनी गहराई से प्रभावित कर सकता है। प्रकाश कुमार शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश एक स्वतंत्र देश है और वहाँ की अपनी सुरक्षा व्यवस्थाएँ हैं, लेकिन अगर वहाँ की स्थिति गंभीर होती है, तो भारत सरकार अपने राजनयिक संबंधों के माध्यम से या अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर मदद कर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी जी का ऐसे मामले में हस्तक्षेप करना एक अच्छी नीयत और इंसानियत का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि भारतवर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दूरदर्शिता एवं कूटनीति से यूक्रेन-रूस युद्ध से लेकर इज़रायल-हमास युद्ध को विराम लगाने वैश्विक जागरूकता लाई उससे भारत पूरी दुनिया में नए परिदृश्य के रूप में उभरा है। प्रकाश शर्मा ने उम्मीद जताई है कि बांग्लादेश की घटनाओं पर उचित कार्रवाई की जाएगी और निर्दोष लोगों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

## एक नजर

### मिनीमाता का व्यक्तित्व हम सब के लिए पथप्रदर्शक: कुलबीर छाबड़ा

**राजनांदगांव 12 अगस्त।** छग की प्रथम महिला सांसद व समाजसुधारक ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर 11 अगस्त रविवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में उनके व्यक्तित्व पर आधारित संगोष्ठी सभा पश्चात सतनाम भवन में स्थित ममतामयी मिनीमाता की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांसुमन अर्पित की गई। संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन में सर्वप्रथम ममतामयी मिनीमाता के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों द्वारा फूलमाला अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की। इस दौरान संगोष्ठी सभा को महापौर हेमा देशमुख, पंकज बांधव, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने मिनीमाता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने मिनी माता को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा राष्ट्र व प्रदेश के लिए जो कार्य किया है वह अविस्मरणीय रही। पांच बार अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ से प्रथम सांसद चुनी गई। सांसद रहते उन्होंने समाज व मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए कई काम किए।हम गौरवान्वित है कि छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता कांग्रेस से थी।

### ममतामयी मिनी माता की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**डोंगरगढ़ 12 अगस्त।** ममतामई मिनी माता की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर ग्राम ठेलकाडीह में डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस पावन अवसर पर श्रीमती बघेल ने अपने उत्बोधन में ममता मई मिनी माता की भूमिका को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता छत्तीसगढ़ की बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी थी। अपने प्रखर नेतृत्व क्षमता की बदौलत राष्ट्रीय नेताओं के बीच उनकी अलग पहचान थी। दलित शोषित समाज ही नहीं सभी वर्गो ने उनके नेतृत्व को मान्य किया था। उन्होंने संसद में अस्पृश्यता निवारण अधिनियम पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मिनीमाता समाज हितैषी कार्यो की वजह से लोकप्रियता के शीर्ष पर पहुंची। मिनीमाता ने समाजसुधार सहित सभी वर्गों की उन्नति और बेहतरी के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने जन सेवा को ही जीवन का उद्देश्य मानकर कार्य किया। उन्होंने नारी उत्थान, किसान, मजदूर, छूआ-छूत निवारण कानून, बाल विवाह, दहेज प्रथा, निःशक्त व अनाथों के लिए आश्रम, महिला शिक्षा और जनहित के अनेक फैसलों और समाज हितैषी कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मिनीमाता की राजनीतिक सक्रियता और समर्पण से पीड़ितों के अधिकार हेतु संसद में अनेक कानून बने। इस अवसर पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, श्रीमती सरोजनी बंजारे, केजनाथ समलिया, भीमसेन टंडन, अश्वनी बारले, हुनर कुर्रे, अनिल जांगड़े, रूपकुमार जांगड़े, उत्तमदास मानिकपुरी, गिरधर जी, सीताराम जी, रामेश्वर जांगड़े, दीपक, रतन यादव सहित सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### सक्रिय मोबाइल चोर गैंग डोंगरगांव पुलिस की गिरफ्त में

**डोंगरगांव 12 अगस्त।** 11 अगस्त को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब बिक्री, चोरी एंव अन्य संदिग्ध गतिविधियो पर पैनी नजर रखी जा रही है इसी दरमियान दिनांक 27.05.2024 को उमरवाही से शरीफ खान ने अपने मोबाईल दुकान उमरवाही से मोबाईल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमे थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के द्वारा गंभीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपी

# गुरु घासीदास के विचार एवं संदेश आज भी प्रासंगिक:मुख्यमंत्री

## ममतामयी मिनीमाता निर्वाण दिवस एवं जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल मुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 12 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित ममतामयी मिनीमाता निर्वाण दिवस एवं जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह का नाम गुरू घासीदास बाबा के नाम पर रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोनेसरार, डोंगरगांव विकासखड के ग्राम साकरदाहरा, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोतीपुर में सतनाम भवन निर्माण एवं राजनांदगांव सतनाम भवन में मंच निर्माण के लिए 10-10 लाख रूपए तथा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव में ममतामयी मिनीमाता की प्रतिमा के लिए 5 लाख रूपए की घोषणा की। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा मुख्यमंत्री को साफा पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान के लिए

शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ममतामयी मिनीमाता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने जिला सतनामी सेवा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि सभी गुरू घासीदास बाबा के पथ पर चलते हुए सतनामी समाज को शिक्षा एवं विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद ममतामयी मिनीमाता पहली महिला सांसद रही हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश में कार्य करते हुए उन्होंने आजीवन नारी शक्ति को बढ़ाने, अस्पृश्यता को दूर करने के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा ने 18वीं सदी में मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया तथा समाज में व्याप्त छूआ-छूत एवं भेदभाव को दूर करने के लिए उनके संदेश आज भी मार्गदर्शक एवं प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गुरू घासीदास बाबा के विचार एवं उनके संदेशों का अनुकरण करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य कर रही है। सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं विभिन्न वर्गों के हित में कार्य किया जा रहा है। रामलला दर्शन, तेंदूपत्ता योजना अंतर्गत 5500 रूपए मानक बोरा जैसी योजनाओं से आम जनता को लाभ मिल रहा है। गुरू घासीदास बाबा का आर्शीवाद ऐसे ही बना रहे और हम आम जनता के हित में कार्य कर सकें। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा गिरौदपुरी में जैतखाम के निर्माण, प्रदेश में सतनामी समाज के लिए भवन, सांस्कृतिक पंथी नृत्य को बढ़ावा देने के लिए उनके अवदानों को स्मरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ममतामयी मिनीमाता के योगदान से समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने महिलाओं के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है।

### शहर भ्रमण के लिए तिरंगा रैली को किया रवाना किया

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव के नया बस स्टैण्ड में आयोजित तिरंगा रैली कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने तिरंगा रैली को शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे। जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त के विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राज्य से लेकर जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली कार्यक्रम में शहर के गणमान्यगण, जनप्रतिनिधिगण, युवा शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक श्री रामजी भारती, पूर्व विधायक श्री विनोद खांडेकर, श्री सचिन बघेल, श्री खूबचंद पारख, नीलू शर्मा, श्री रमेश पटेल, श्री भरत वर्मा, श्री कोमल राजपूत, श्री दिनेश गांधी, आईजी श्री दीपक झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चोरी के मामले में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

■ रात्रि के सन्नाटे में की थी महंगे 6 नग मोबाइल की चोरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 12 अगस्त।** 11 अगस्त को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब बिक्री, चोरी एंव अन्य संदिग्ध गतिविधियो पर पैनी नजर रखी जा रही है इसी दरमियान दिनांक 27.05.2024 को उमरवाही से शरीफ खान ने अपने मोबाईल दुकान उमरवाही से मोबाईल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमे थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के द्वारा गंभीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपी

की सुराग खोजते हुये पता साजी मे लग गया एवं थाना डोंगरगांव मे गठित पुलिस टीम की स्वयं नेतृत्व करते हुये विवेचना के दौरान मुखबीर सुचना मिला कि ग्राम चिलमगोटा के कुछ लड़के चिलमगोटा व रेंगाडबरी मे मोबाईल बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहे है कि सुचना पर मौके पर पहूंच कर सुचना की तस्दीक किया 03 लड़के मौके पर ग्राहक तलाशते हुये जो खराब था को उमरवाही मे घटना स्थल के पास तालाब के गहरे पानी मे फेंक देना बताये एवं घटना कारित करना स्वीकार किया , तब आरोपिगणों का पृथक -पृथक मेमोरण्डम कथन लिया गया जिसका फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी कराया गया है । एवं आरोपिगणों के द्वारा चोरी के मोबाईल को पेश करने पर मोबाईल 06 नग कीमती - 33,000/- रूपये कुल जुमला कीमती रकम 63,000/- रूपये को जप्त कर समक्ष गवाहान के मुता0 जप्ती पत्रक के जप्त किया , गया । मिला , जिसे पकड़ कर मोबाईल के संबंध मे पुछताछ किया ,जिन्होने ग्राम उमरवाही बस स्टैण्ड के पास लगे भारतीय मोबाईल दुकान मे लगे सीट को हथौड़ी से तोड़कर अंदर प्रवेश कर दुकान के रेक मे रखे मोबाईल 07 नग को चोरी करना एवं आपस मे दो-दो मोबाईल को तीनो लोगों मे बटवारा करना एवं एक मोबाईल बेचने के लिये ग्राहक तलाश रहे है कि सुचना पर मौके पर पहूंच कर सुचना की तस्दीक किया 03 लड़के मौके पर ग्राहक तलाशते हुये

संपादकीय

# जनता में राष्ट्रप्रेम की भावना जगाना जरूरी है

कोई भी देश, कोई भी राष्ट्र तब मजबूत होता है, उसके हर नागरिक में अपने देश व राष्ट्र के प्रति प्रेम होता है। यह प्रेम उसमें देश में रहने मात्र से पैदा नहीं होता है।यह प्रेम उसमें देश में जन्म लेने से मात्र से पैदा नहीं होता है। उसे यह पंडुद्वारानी पीढ़ी, सामाजिक, राष्ट्रीय संगठनों, राजनीतिक दलों को बार बार बताना पड़ता है कि देश किसी नागरिक की संडुद्वरक्षा, उसकी स्वतंत्रता, उसकी स यता, संस्कृति, जाति,धर्म के लिए कितना जरूरी है। जब किसी नागरिक का कोई देश ही नहीं रहता है तो वह जहां भी रहता है, उसकी अपनी भाषा, संस्कृति,धर्म, जति नहीं रह जाती है, जिस देश में वह रहता है, उसे वहां की स यता, संस्कृति, भाषा, धर्म को न चाहते हुंडुद्व मानना,अपनाना पड़ता है। किसी देश के लोगों में जब राष्ट्र प्रेम नहीं होता है तो वही होता है जो पाकिस्तान,श्रीलंका,अफगानिस्तान,नेपाल के बाद बांग्लादेश में हंडुद्धआ है। यंडुद्रवा पीढ़ी को गंडुद्रस्सा दिलाकर देश को हिंसा व अराजकता की भट्ठी में झोंक दिया जाता है। इसका नंडुद्धकसान देश को होता है, देश के लोगों को होता है। जिनको देश से प्रेम होता है, वह देश को हिंसा व अराजकता ंझोंकने की कभी सोच नहीं सकते। देश से प्रेम तब ही होता है जब आदमी अपने स्वार्थ, धर्म, जाति, भाषा से ऊपर राष्ट्र को रखता है, देश को रखता है। वर्तमान में जब देश में ज्यादातर राजनीतिक दल अपने दलीय स्वार्थ से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं तो वह लोगों में भी राष्ट्र व देश के प्रति कोई प्रेम पैदा नहीं कर पा रहे हैं। राजनीतिक दल जब अपने राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर देश व राष्ट्र को रखते हैं, तो देश कमजोर नहीं होता है क्योंकि इससे देश के लोग एकजंडुद्धट होते हैं। लेकिन जब देश के राजनीतिक दल अपने राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर नहीं उठ पाते हैं तो वह राष्ट्र विषय मे सोच भी नहीं पाते हैं, न लोगों में राष्ट्र व देश के प्रति प्रेम पैदा कर पाते हैं,उनकी सारी कोशिश यह होती है कि उनका वोट बैंक कैसे मजबूत होगा, वह यहनहीं सोचते हैं कि देश कैसे मजबूत होगा,राष्ट्र कैसे मजबूत होगा।वोट बैंक, तंडुद्धष्टिकरण की राजनीति का परिणाम क्या होता है, यह देश आजादी के बाद भंडुद्गत चंडुद्धका है,इसके बाद भी देश के ज्यादातर राजनीतिक दल इससे सबक लेने की जगह अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए आज भी उसी तरह वोट बैंक व तंडुद्धष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। झूठ व बंटवारे की राजनीति कर रहे हैं, इससे देश कमजोर होता है, समाज जाति, धर्म ष भाषा के नाम पर बंटता है, देश को नंडुद्धकसान होता है, फिर भी ज्यादातर राजनीतिक दल देश को नंडुद्धकसान पहंचाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में भाजपा का राज्य,देश के लोगों में देश प्रेम की भावना पैदा करने के लिए अगस्त में तिरंगा यात्रा निकालना एक सराहनीय काम है. अगस्त का महीना भारत के इतिहास में एक खास मायने रखता है क्योंकि इसी माह देश आजाद हंडुद्धआ था, इसके लिए देश के लाखों लोगों ने कंडुद्ध बांनी दी थी, इसी माह देश का बंटवारा भी हंडुद्धआ था कांग्रेस की तंडुद्धष्टिकरण की राजनीति के कारण। इस मायने अगस्त का महीना देश के लोगों को आजादी का महत्व बताने के साथ ही यह भी बताने व याद दिलाने का माह है कि इस माह देश का बंटवारा अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए किया गया था और कांग्रेस की तंडुद्धष्टिकरण की नीति के कारण देश के लाखों लोगों को कष्ट उठाना पड़ा। अपने शहर, गांव के घरों को छोड़कर भागना पड़ा था, अपने ही देश में कंडुद्ध छ लोगों की गलती के कारण शरणार्थी बनना पड़ा था। बरसों गरीबी का जीवन जीना पड़ा था। आज की पीढ़ी को विभाजन का कष्ट क्या होता है, यह पता ही नहीं है। आज की पीढ़ी को यह भी पता नहीं है कि आजादी के लिए देश के जिन लाखों लोगों ने बलिदान दिया था, वे कौन है, उनका नाम क्या है। अगस्त माह यह करने का दिन है कि देश को बंटवारे के बाद ही आजादी मिली थी। अगस्त माह यह याद करने का दिन है कि देश के बंटवारे का कारण क्या था, उसके लिए कौन लोग, कौन सी पार्टी जि.मेदार है। अगस्त माह नई पीढ़ी को आगाह करने का दिन है कि देश को बंटवारा क्यों होता है, देश का बंटवारा फिर नहीं होने देना है तो उसको क्या करना है। भाजपा यह काम कर रही है तो उसकी सराहना की जानी चाहिए। तिरंगा झंडा हमारी आजादी की याद हमको दिलाता है, आजादी की रक्षा करने की याद दिलाता है। तिरंगा आजादी के महत्व को बताता है। इसलिए अगस्त माह में तिरंगे देश के हर नागरिक को अपने घर में फहराना चाहिए और तिरंगे की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए।

गंभीर मुद्दा

# अंगदान बीमार या मरते को नई मुस्कान देने का पुण्य

ललित गर्ग

विश्व अंगदान दिवस प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंगदान के महत्व को

समझने के साथ ही अंगदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारी संगठनों, सार्वजनिक संस्थानों और दूसरे व्यवसायों से संबंधित लोगों द्वारा हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है ताकि अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोगों को अंगदान से जुड़ी गलतफहमियों से अवगत कराया जा सके। इस दिवस का एकमात्र उद्देश्य मुख्य रूप से लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान के महत्व के बारे में प्रोत्साहित करना और शिक्षित करना है ताकि अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके, जरूरतमंदों की जीवन मुस्कान लौटायी जा सके। गुर्दे, हृदय, अग्न्याशय, आंखें और फेफड़े जैसे अंग दान से पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों की जान बचाई जा सकती है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर के अंग ही क्यों न हो। इस दृष्टि से अंगदान एक महान दान है, जो हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। अंग दान-दाता कोई भी हो सकता है, जिसका अंग किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये अंग से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। वर्ष 2024 की इस दिवस की थीम है ह्यआज किसी की मुस्कान का कारण बनें !ह्व

ह्यअंगदान दिवसह्य पूरे विश्व एवं भारत में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह अंगदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में अंगदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह अंगदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा प्रदान करती है। अंगदान ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी जीवित या मृत, दोनों तरह के व्यक्तियों से स्वस्थ अंगों और ऊतकों को लेकर किसी अन्य जरूरतमंद व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। प्रत्यारोपित होने वाले अंगों में दोनों गुर्दे (किडनी), यकृत (लीवर), हृदय, फेफड़े, आंत और अग्न्याशय शामिल होते हैं। जबकि ऊतकों के रूप में कॉर्निया, त्वचा, हृदय वाल्व कार्टिलेज, हड्डियों और वेसेल्स का प्रत्यारोपण होता है। आँख, पाचक ग्रंथि, आँत, अस्थि

ऊतक, हृदय छिद्र, नसें आदि अंगों का भी दान किया जा सकता है। पूरे देश में ज्यादातर अंग दान अपने परिजनों के बीच में ही होता है अर्थात कोई व्यक्ति सिर्फ अपने रिश्तेदारों को ही अंग दान करता है। विश्व स्तर पर और भारत जैसे विकासशील देशों में अंग की बढ़ती आवश्यकता को रोकने में मृत दाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि एक मृत दाता आठ व्यक्तियों को बचा सकता है।

2021 में, वैश्विक स्तर पर 1,44,302 अंग प्रत्यारोपण हुए, जिनमें से 26.44 प्रतिशत (38,156) मृतक अंग दान के हैं। भारत ने कुल 12,259 प्रत्यारोपण किए, जो वैश्विक प्रत्यारोपण में 8 प्रतिशत का योगदान देता है, जिसमें प्रमुख प्रत्यारोपण गुर्दे (74.27 प्रतिशत), उसके बाद लीवर (23.22 प्रतिशत), हृदय (1.23 प्रतिशत), फेफड़े (1.08 प्रतिशत), अग्न्याशय (0.15 प्रतिशत) और छोटी आंत (0.03 प्रतिशत) के हैं। एक शोध रिपोर्ट के अनुसार, 2021 की तुलना में, भारत में क्रमशः किडनी (759), लिवर (279) और हृदय (99) में 1137 अधिक मृत अंग प्रत्यारोपण की सूचना मिली है। हालांकि, भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, मांग को पूरा करने के लिए लगभग 175,000 किडनी, 50,000 लिवर, हृदय और फेफड़े और 2,500 अग्न्याशय की आवश्यकता है। प्रत्यारोपण की संख्या और अंग उपलब्ध होने की संख्या के बीच एक बड़ा अंतराल है। अंगदान जीवन के लिये अमूल्य उपहार है। अंगदान उन व्यक्तियों को किया जाता है, जिनकी बीमारियाँ अंतिम अवस्था में होती हैं तथा जिन्हें अंग प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है। जीवित व्यक्ति के लिये अंगदान के समय न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। साथ ही अधिकांश अंगों के प्रत्यारोपण का निर्णायक कारक व्यक्ति की शारीरिक स्थिति होती है, उसकी आयु नहीं। जीवित अंगदाता द्वारा एक किडनी, अग्न्याशय, और यकृत के कुछ हिस्से दान किये जा सकते हैं। कॉर्निया, हृदय वाल्व, हड्डी और त्वचा जैसे ऊतकों को प्राकृतिक मृत्यु के पश्चात दान किया जा सकता है, परंतु हृदय, यकृत, गुर्दे, फेफड़े और अग्न्याशय जैसे अन्य महत्त्वपूर्ण अंगों को केवल ब्रेन डेड के मामले में ही दान किया जा सकता है।

अंगदान और प्रत्यारोपण ह्यमानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम (टीएचओए) 1994 के अंतर्गत आता है, जो फरवरी 1995 से लागू हुआ। इस अधिनियम के अनुसार अंगदान सिर्फ उसी अस्पताल में ही किया जा सकता है, जहां उसे ट्रांसप्लांट करने की भी सुविधा हो। यह अपने आप में बेहद मुश्किल नियम था। इस नियम से दूर-दराज के इलाकों के लोगों का अंगदान तो हो ही नहीं पाता था। इस समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा 2011 में इस अधिनियम को संशोधित किया गया। नए नियम के मुताबिक अंगदान अब किसी भी आईसीयू में किया जा सकता है अर्थात उस अस्पताल में ट्रांसप्लांट न भी होता हो, लेकिन आईसीयू है, तो वहां भी अंगदान किया जा सकता है। केवल भारत में ही नहीं दुनिया में हर साल लाखों लोगों के शरीर के अंग खराब होने के कारण मृत्यु हो जाती है।

दुनियाभर में रक्तदान के प्रति जागरूकता की वजह से बड़े पैमाने पर लोगों ने इसका महत्व समझा और आगे आकर स्वेच्छा से रक्तदान करने लगे हैं, उसी प्रकार अंगदान के प्रति वैश्विक जागरूकता की महत्ती आवश्यकता है। रक्तदान के बाद दूसरे स्थान पर है नेत्रदान। लोग अब नेत्रदान के लिए भी आगे आने लगे हैं। तथ्य बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर अंगदान में भारत की हिस्सेदारी बहुत ही कम है। यहाँ प्रति 10 लाख पर मात्र 0.15 लोगों द्वारा ही अंगदान किया जाता है। जब की प्रति 10 लाख पर अमेरिका में 27, क्रोएशिया में 35 एवं स्पेन में 36 लोग अंगदान करते हैं। अंगदान का पूरा रिकार्ड संधारित किया जाता है जिसकी जानकारी ह्यह्वनेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशनह्व्व को दी जाती है। 65 वर्ष उम्र तक के वे व्यक्ति जिनका ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया हैं वे अंगदान कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति का 4 घंटे तक दिल एवं फेफड़े, 6 से 12 घंटे तक किडनी, 6 घंटे तक लिवर, 24 घंटे तक पेनक्रियाज एवं 5 साल तक टिश्यू को सुरक्षित रख जा सकता है। प्राकृतिक मौत पर दिल के वाल्व, कॉर्निया, त्वचा एवं हड्डी जैसे ऊतकों का दान किया जा सकता है।

भारत के आम नागरिकों में अंगदान को लेकर उचित शिक्षा और जागरूकता का अभाव है। अधिकांश लोग मृत्यु के बाद जीवन एवं पारलौकिक विश्वासों में जीता है। अतः शरीर के अंगों में काट-छाँट उन्हें प्रकृति व धर्म के विपरीत लगता है। इसके अलावा समाज में व्याप्त अंधविश्वास, अंगदान के प्रति लोगों में स्पष्ट अवधारणा का अभाव में भय एवं मिथक, दूर दराज क्षेत्रों में सुविधाओं का अभाव, मानसिक तौर पर मृत व्यक्ति के परिजनों की सहमति नहीं मिल पाना, अस्पताल में अंग लेने के साधनों का अभाव और सबसे ऊपर जागरूकता का अभाव ऐसी चुनौतियां है जिन पर गहन चिंतन-मनन करते हुए अंगदान को व्यापक बनाया जा सकता हैं। लोगों को खासकर ब्रेन डेड मरीज के परिजनों को समझना होगा कि अंगदान सबसे बड़ा दान एवं पुण्य का काम है। अंगदान कर आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा कर उसके जीवन में मुस्कान लाकर, पुण्य कमाने में पहल कर समाज में उदाहरण बन सकते हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक और पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान भी मिलेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श भी होगा। आज अपनी योजनाओं और गतिविधियों को सीक्रेट रखें। अनुभवी लोगों का सहयोग और मार्गदर्शन आपके लिए सहायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ने की वजह से तनाव रहेगा। इसलिए व्यवस्थित रूप से अपने कार्यों की प्राथमिकताओं पर ध्यान दें।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में किसी भी तरह की बेहतरी की उम्मीद ना करें। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज नौकरी कर रहे लोगों को फोन द्वारा किसी उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है। आज आपका पारिवारिक सदस्यों के साथ सुखद समय बीतेगा और घर में मेहमानों के आगमन से चहल-पहल भरा खुशनुमा माहौल रहेगा। आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे, वो आसानी से पूरा हो जायेगा। आज किसी को बिना सोचे-समझे पैसा उधार देने से आपको बचना चाहिए।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज आपको ध्यान रखना होगा कि किसी व्यवसायी के साथ लड़ाई-झगड़े जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं। इसमें अपने गुस्से व आक्रोश पर काबू रखना जरूरी है। आज जीवनसाथी और पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहेगा। और आपसी संबंध भी सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे। बिजनेस के कामों में सुधार होगा। स्टाफ और कर्मचारियों का सहयोग बना रहेगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों के साथ संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

कर्क राशिः आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज गतिविधियों में आपका योगदान होने से आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। आपके व्यक्तिगत काम भी आज काफी हद तक सुचारू रूप से पूरे हो जाएंगे। आज कोई समस्या होने पर आपको मित्रों द्वारा उचित मदद भी मिलेगी। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलना-मिलना आपको नुकसान दे सकता है। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से भी शेयर ना करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म केंद्रित होना और इंगो की भावना रखने से आपसी संबंधों में कुछ तनाव आ सकता है। आज माता जी की सलाह से कोई भी सावधानी पूर्वक लिया गया निर्णय निकट भविष्य में लाभदायक साबित होगा। आपकी धर्म-कर्म और आध्यात्मिक कार्यों में भी आस्था बनी रहेगी।

कन्या राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी अटके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह भी जरूर ले। लेनदेन के मामलों को लेकर आपसे कोई गलती हो सकती है। आज अगर कोई यात्रा का विचार बन रहा है, तो अपने सामान का ध्यान रखें। आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आप देश की राजनीति में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे। आज माता-पिता अपनी संतान की कोई इच्छा पूरी करने में सफल रहेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन खुशनुमा फल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बनायेंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज स्वास्थ्य संबंधी हल्की-फुल्की परेशानी रहने की वजह से आलस और सुस्ती हावी रहेगी। जिसका असर आपकी कार्यप्रणाली पर पड़ सकता है। सकारात्मक बने रहने के लिए अच्छे साहित्य और पारिवारिक लोगों के संपर्क में रहेंगे तो बढ़िया रहेगा। आज नए कामों पर आपका ध्यान रहेगा। उसके सकारात्मक नतीजे भी मिलेंगे। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का मन बनायेंगे। आपको रोजगार के उचित अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे रचनात्मक कार्यों में लगाएंगे। इससे आपको मानसिक मिलेगा। आज दिन का अधिकतर समय पारिवारिक लोगों के साथ बीतेगा, सभी लोग खुशी महसूस करेंगे।आज आपको जीवनसाथी से खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आय के नये स्त्रोत बनेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। किसी कार्य को करने के लिए अपने करीबी दोस्त से सलाह लेंगे।

धनु राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। आज ध्यान रखें कि आपके सरल स्वभाव का कुछ लोग नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। आज जीवनसाथी के साथ खट्टी-मीठी नोकझोंक रहेगी। जिसकी वजह से संबंधों में और अधिक नजदीकियां बढ़ेंगी। आज समय का सही इस्तेमाल करेंगे और हर काम को लगन से करने की ललक रहेगी। अच्छे नतीजे भी मिलेंगे। आज कुछ पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा, जिसका आप काफी दिनों से इंतजार कर रहे थे।

कुंभ राशिः आज आपका दिन कांफिडेंस से भरा रहेगा। परिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कारोबार में मेहनत का फायदा मिलेगा। आज राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े मित्र की पावर आपके लिए कारगर साबित होगी। उसके साथ लाभदायक बिंदुओं पर विचार-विमर्श भी रहेगा। सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग करना आपका मान-सम्मान बढ़ाएगा। आज आपको अपना टारगेट हासिल करने के लिए अधिक मेहनत की जरूरत है।

मीन राशिःआज आपका दिन खास से रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियाँ बढ़ेगी। आज अपने जीवन को सकारात्मक नजरिए से समझने की कोशिश करेंगे तो इससे चल रही गलतफहमिया सुलझ जाएंगी। धर्म और अध्यात्म के प्रति बढ़ता हुआ आपका विश्वास आपको शांति और मानसिक सुख देगा। किसी खास मुद्दे पर चर्चा भी रहेगी। आपकी सकारात्मक सोच से परिस्थितियां अच्छी होंगी।

## धर्मो रक्षति रक्षितः अहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव च

प्रियंका सौरभ

अहिंसा ही मनुष्य का परम धर्म हैं। परन्तु जब धर्म पर

आंच आए तो यह नहीं कह सकते कि हम अहिंसक हैं, इसलिए कायर बनकर मार खाते रहेंगे; उस समय। धर्म की रक्षा करने के लिए प्रतिकार करना सबसे बड़ा धर्म होता हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सदा अहिंसा का मार्ग मनुष्य को अपनाना चाहिए, परन्तु यदि उसके धर्म पर और राष्ट्र पर कोई आंच आए, तो पाण्डवों की तरह अहिंसा का मार्ग त्यागकर, डटकर शत्रु का मुकाबला करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति किसी के परिवार को कोई हानि पहुँचाता हैं, उसका उत्तर तो देना ही पड़ता है। मनुष्य का पहला कर्तव्य या धर्म अपने घर-परिवार, देश, धर्म और समाज के हितार्थ होता है।

अहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव चः इस श्लोक के अनुसार अहिंसा ही मनुष्य का परम धर्म हैं और जब-जब धर्म पर आंच आये तो हिसां ही श्रैष्ठ है। अगर ये सच है तो क्या भारत का गौरवशाली इतिहास तोड़ मरोड़कर पेश किया गया है? गीता के उपदेश भी अधूरे बताए गए। हमें सिखाया गया कि अहिंसा परमो धर्मः यानि अहिंसा ही मनुष्य का परम धर्म है। जबकि, पूरा श्लोक है कि अहिंसा परमो धर्मः धर्म हिंसा तथैव चः, इसका अर्थ है कि अहिंसा मनुष्य का परम धर्म है और धर्म की रक्षा के लिए हिंसा करना उससे भी श्रेष्ठ है। हमें अहिंसा का मार्ग अपनाना चाहिए, लेकिन हमारे धर्म पर और राष्ट्र पर कोई आंच आए तो अहिंसा का मार्ग त्याग कर हिंसा का रास्ता अपनाना चाहिए। क्योंकि वह धर्म की रक्षा के लिए उठाया गया कदम है। हिंदू देवी-देवता शस्त्र और आशीर्वाद की मुद्रा में होते हैं, क्योंकि वह निर्दोष को क्षमा करते हैं और पापी को दंड देते हैं। कुछ राजनेताओं ने अपने स्वार्थ के लिए अधूरे श्लोक की व्याख्या की है। अहिंसा हिंदू धर्म का प्रतीक है केवल तब तक जब तक बात धर्म की मयादों की हो।जब बात धर्म की हानि की हो तो भगवान भी हिसंक और हिसां का रास्ता अपनाना श्रैष्ठ समझते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥ 4 I7 ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।।
धर्मसं स्थापनार्थाय संभवामीप युगे युगे ॥ 4 I8 ॥

यानी जब-जब धर्म की हानि होती है और अधर्म की वृद्धि होती है, तब-तब मैं प्रकट होता हूं (अवतार होता हूं) (श्रीमद्भगवद्गीता 4 I7) साधुजनों का विनाश करने के लिए, पाप कर्म करने वालों का विनाश करने के लिए और धर्म की स्थापना करने के लिए, मैं हर युग में प्रकट होता हूँ (श्रीमद्भगवद्गीता 4 I8) प्रख्यात धार्मिक लेखिका चन्द्रप्रभा सूद कहती है, ₹धर्म मनुष्य को घुट्टी में पिलाया जाता है। बच्चा जब बोलने लगता है, तब माता-पिता उसे अपने इष्ट देव की स्तुति स्मरण करवाने लगते हैं। जब बच्चा उसका शुद्ध उच्चारण करते हुए उसे कण्ठस्थ कर लेता है, तो वे फूले नहीं समाते। माना यही जाता है कि धर्म दिलों को जोड़ने के लिए एक पुल का कार्य करता है। विश्व का कोई भी धर्म आपस में वैमनस्यता फैलाने का कार्य नहीं करता। धर्म के नाम पर यदि दंगे-फसाद या मारकाट होने लगे, तब इसके कारण और निवारण पर मनुष्य को अवश्य ही विचार कर लेना करना चाहिए। धर्म हर मनुष्य का बेशक व्यक्तिगत मामला होता है, परन्तु उसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। यदि धर्म को हम मनुष्य का कर्त्तव्य मानते है, तो भी उसका व्यक्तिगत आचरण निस्सन्देह उसके अपनों तथा समाज पर अपना प्रभाव छोड़ता है। 'देवी भागवत' नामक पुराण में महर्षि वेदव्यास ने कहा है-

परित्यजेदर्थकामौ यौ स्यातां धर्मवर्जितौ।
धर्मं चाप्यसुखोदर्कं लोककनिकृष्टमेव च ॥

अर्थात जो धन-सम्पत्ति तथा मन की इच्छा धर्म के विपरीत हो, उसका त्याग करना चाहिए। जो धर्म भविष्य में संकट उत्पन्न कर सकता है या किसी समाज के प्रतिकूल सिद्ध हो सकता है, उस धर्म में भी परिवर्तन करना आवश्यक है। इस श्लोक में यह समझाया गया है कि धन-वैभव या कोई कामना यदि धर्म के विरुद्ध हो, तो मनुष्य को चाहिए कि वह उनका त्याग कर दे। आने वाले समय में यदि धर्म से संकट उत्पन्न होने की आशंका हो, तो उस धर्म में परिवर्तन कर देना ही श्रेयस्कर होता है। कहने का तात्पर्य यही है कि यदि धर्म जोड़ने के स्थान पर तोड़ने का कार्य करने लगे, तो विद्रत सभा को उस पर विचार करके, उसमें परिवर्तन कर देना चाहिए। यही मानव जाति के लिए उत्थान के लिए आवश्यक होता है।हमारे प्राचीन ग्रन्थ धर्म के विषय में कहते हैं-

धर्मं एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।।
तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत्।।

अर्थात जो धर्म का नाश करता है, उसका नाश धर्म कर देता है और जो धर्म की रक्षा करता है, उसकी धर्म रक्षा करता है। मरा हुआ धर्म हमें न मार डाले, इस भय से धर्म का त्याग कभी न करना चाहिए। धर्म का आशय व्यक्ति के अपने कर्त्तव्य, नैतिक नियम, आचरण आदि से है। जो व्यक्ति इन सबका ईमानदारी से पालन करता है, वह धर्म की रक्षा करने वाला होता है। प्राचीन धर्मशास्त्रों में धर्म के स्वरुप का विभिन्न रूप से वर्णन किया गया है। सामाजिक नियमों के अनुरूप इन सभी कर्तव्यों या नियमों को बताया गया है। ब्राह्मण का कर्त्तव्य क्षत्रिय से सर्वथा अलग बताया गया है, वैश्य और शूद्र के कार्य भी यहाँ अलग-अलग बताए गए हैं। इसी तरह एक स्त्री के कर्त्तव्य भी पुरुष से भिन्न कहे गए हैं। ये सब कर्तव्य धर्म और विधान से जुड़े हुए हैं, इसलिए इस विधान को चुनौती देना धर्म सम्मत नहीं कहा गया, इसे धर्म की अवमानना करना समझा जाता था। इसके लिए मनुस्मृति में दण्ड का विधान भी किया गया था। भगवान श्रीकृष्ण ने 'श्रीमद्भागवद्गीता' में अहिंसा को परम धर्म माना है- इस श्लोक के अनुसार अहिंसा ही मनुष्य का परम धर्म हैं। परन्तु जब धर्म पर आंच आए तो यह नहीं कह सकते कि हम अहिंसक हैं, इसलिए कायर बनकर मार खाते रहेंगे। उस समय। धर्म की रक्षा करने के लिए प्रतिकार करना सबसे बड़ा धर्म होता हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो सदा अहिंसा का मार्ग मनुष्य को अपनाना चाहिए, परन्तु यदि उसके धर्म पर और राष्ट्र पर कोई आंच आए, तो पाण्डवों की तरह अहिंसा का मार्ग त्यागकर, डटकर शत्रु का मुकाबला करना चाहिए।

स्मरण

कुमार कृष्णन

# सर सुरेंद्रनाथ बनर्जी: भारत के प्रथम राष्ट्रीय नेता की निर्माण यात्रा

सुरेन्द्रनाथ बनर्जी आधुनिक भारत के अग्रदूतों में से एक थे और ब्रिटिश राज के भीतर स्वशासन के समर्थक थे।

उन्होंने देश की आजादी में प्रभावशाली भूमिका निभाई। एक प्रतिष्ठित प्रोफेसर के रूप में करियर शुरू करने से लेकर कांग्रेस के माध्यम से राजनीति में कदम रखने तक, उनका प्रभाव और भी अधिक बढ़ गया।

सुरेन्द्रनाथ बनर्जी का जन्म 10 नवंबर 1848 को कलकत्ता, भारत में हुआ था। कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, उन्होंने सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य बनाया। 1868 में वे बिहारी और लाल गुप्ता रोमेश चंद्र दत्त के साथ भारतीय सिविल सेवा परीक्षा देने के लिए इंग्लैंड गए। उस समय, वे एकमात्र हिंदू थे, जिन्होंने चुनौतीपूर्ण सवालों का सामना करने के बावजूद साक्षात्कार बोर्ड को पार कर लिया था।

भारतीय सिविल सेवा के 1869 बैच के यह अधिकारी एक अनुभवी सिविल सेवक के रूप में उभर सकते थे। किंतु 1874 में कमजोर आधार पर सेवा से हटाए जाने के बाद उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं दोबारा तय कीं। वे सार्वजनिक जीवन में आए। 1858 में भारत सीधे तौर पर अंग्रेजी शासन के अधीन आ गया था। बंगाल एवं बॉम्बे प्रेसिडेंसी में इससे पहले ही संवैधानिक राजनीति बढ़ गई थी। इसके बावजूद भारत के विभिन्न भागों के बीच संवादहीनता से उनका आपसी संपर्क कायम नहीं हो पाया। किंतु 1870 एवं 1880 के दशक में रेल नेटवर्क के प्रसार ने इन कमियों को दूर कर दिया। सुरेंद्रनाथ बनर्जी (1848-1925) इसका लाभ उठाने के लिये सही समय पर सही व्यक्ति थे। वह अखिल भारत के प्रथम नेता के रूप में उभरे।

वर्ष 1875 तक कैरियर बर्बाद होने के बाद बनर्जी ने कोलकाता में सार्वजनिक जीवन में सम्मिलित होना शुरू किया। बंगाल में शराबबंदी आंदोलन के दौरान मदिरापान के विरुद्ध दिए भाषण से लोगों का ध्यान उनकी ओर आकृष्ट हुआ। महान शिक्षाविद् एवं सुधारक ईश्वरचंद विद्यासागर ने उनको मेट्रोपॉलिटन इन्स्टीट्यूशन में अंग्रेजी का प्रोफेसर बना दिया।

वह कुशल वक्ता थे एवं शीघ्र ही कोलकाता एवं निकटवर्ती स्थानों में छात्र समुदाय के बीच वे प्रसिद्ध हो गये। वह पहले व्यक्

एक नजर

## नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर चौक की सफाई करवा बने प्रशंसा के पात्र

**कुरूद,12 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वकांक्षी स्वच्छ भारत अभियान को वास्तविक रूप से मूर्तरूप देते हुए नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत कुरूद भानू चंद्राकर ने स्वयं खड़े होकर दीनदयाल चौंक पर स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की मूर्ति के घेरा से लगे तथा आसपास में इकट्ठा गंदगी युक्त कूड़ा करकट को जेसीबी मशीन से साफ सफाई करवा कर जागरूकता का परिचय दिया।विदित हो कि नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा नगर के विभिन्न जगहों पर कई महापुरूषों की मूर्ति तो स्थापित कर रखा है, लेकिन उनके साफ सफाई एवं रख-रखाव पर ध्यान नहीं दे रहा है, फलस्वरूप कई जगहों पर उन मूर्तियों के समीप गंदगी पसरा हुआ है। आगामी स्वतंत्रता दिवस के मौके को देखते हुए श्री भानु चंद्राकर ने जागरूकता का परिचय देते हुए इन मूर्तियों की साफ सफाई का बीड़ा उठा कर आसपास रखे कूड़ा करकट, ईंट, पत्थर, रेत, मलबा इत्यादि कचरे की साफ सफाई करवाया। दीनदयाल चौक के आसपास के दुकानदारों ने भानू चंद्राकर जी के इस सराहनीय कार्य को देखकर खूब सराहना की तथा लोगों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत कुरूद में वर्तमान पदासीन पार्षद गण आम जनता के बीच बड़े बड़े वादे कर चुनकर प्रतिनिधित्व करने आ तो गए हैं, लेकिन वार्ड स्तर पर जनता के बीच उनसे जुड़े हुए मुद्दे एवं समस्या के संबंध में समाधान करने के लिए दिखते नहीं है। जबकि अभी बरसात का मौसम चल रहा है, नगर के नालियों में जगह-जगह पानी जाम हो रहा है जिसके चलते वहां से दुर्गंध भी उठने लगा है। नगर के सड़कों, गलियों में कचरा पड़ा रहता है, आने वाले कुछ दिनों में मौसम परिवर्तन के कारणडेंगू, मलेरिया, बुखार जैसे संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है जिस पर नगर प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। नगर के व्यापारी कन्हैया सिंह एवं लाला चंद्राकार ने अपनी बात रखते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जाकर ज्वलंत मुद्दों, समस्याओं पर चर्चा करते हुए समय पूर्व नियोजित ढंग से कार्य करें तो यह समस्या हो उत्पन्न नहीं होगी।

## कलेक्टर ने हर घर तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**महासमुंद 12 अगस्त।** जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त के विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट परिसर में तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे एवं अन्य जिला अधिकारी मौजूद थे।रैली कलेक्ट्रेट से रैली के शक्ल मे हाईस्कूल मैदान तक पहुंची। इस दौरान मिशन क्लीन सिटी, एन यू एल एम, वन विभाग व स्कूली बच्चे आदि शामिल थे। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राज्य से लेकर जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

- भाजपा ने तीन दिवसीय तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा का आयोजन किया
- तिरंगा चौक में बाबा साहेब की प्रतिमा में माल्यार्पण कर निकाली गयी तिरंगा यात्रा
- तिरंगा यात्रा राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, देश के प्रति समर्पण भाव से निकाली जा रही है तिरंगा यात्रा - किरण देव

**जगदलपुर, 12 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी ने आज रविवार को तिरंगा यात्रा का आरंभ किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने स्थानीय तिरंगा चौराहे में बाबा साहेब डा.अंबेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं व नागरिकों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली।गगनभेदी नारों व देशभक्ति गीतों के बीच पूर्ण भव्यता के साथ निकली तिरंगा यात्रा श्री राम मन्दिर में संपूर्ण हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारा गौरव, हमारी आन बान शान है। प्रत्येक नागरिक अपने घरों में तिरंगा लगायें और टोली बना कर तिरंगा यात्रा निकाले। भारतीय जनता पार्टी स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तीन दिवसीय तिरंगा यात्रा आयोजित कर रही है। इसी तारतम्य में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव स्थानीय अंबेडकर वार्ड में तिरंग यात्रा का शुभारंभ किया।मदन मोहन मालवीय वार्ड, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड व बली राम कश्यप वार्ड में सैकड़ों कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने तिरंगा यात्रा निकाली। जगह जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। बलीराम कश्यप वार्ड स्थित श्रीराम मंदिर में पहुँच कर तिरंगा यात्रा संपन्न हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने श्री राम मन्दिर में पूजा अर्चना की।

अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। घर घर तिरंगा लगाने आमजन से कहा जा रहा है। तिरंगा यात्रा राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। देश के प्रति समर्पण भाव व देशभक्ति की भावना से तिरंगा यात्रा व घर घर तिरंगा का आयोजन हो रहा है। जिसमें प्रत्येक नागरिक बढ़चढ़ कर सहभागी बने। महापौर सफीरा साहू ने आभार प्रदर्शन किया।तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप,जिला प्रभारी जी वेंकट, विद्याशरण तिवारी, कमलचंद भंजदेव, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा,श्रीधर ओझा,नवीन विश्वकर्मा,रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही,आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, मनोहर तिवारी, आर्येन्द्र आर्य, संग्राम सिंह राणा, रंजीत पाण्डेय, अनिल शर्मा, यशवर्धन राव, निर्मल पाणिग्रही, भारती श्रीवास्तव, राजपाल कसेर, दिगम्बर राव, त्रिवेणी रंधारी, ममता पोटाई, नीलम यादव, मोती राम बघेल, बी जयराम,राजेश श्रीवास्तव, प्रकाश झा, नरेंद्र पाणिग्रही, विक्रम सिंह यादव, आशुतोष पाल, मनोरंजन राय, प्रकाश दुग्गड़,रिंकू पाण्डेय,रामहरि पाण्डेय,छबिलेश्वर जोशी, शैलेष श्रीवास्तव,सुनील दास,मनी विक्रम, गोविन्द ईनाणी,हरीश पारेख, केतन महानंदी,रौशन सिसोदिया,योगेश पाणिग्रही, दंतेश्वर राव, योगेश मिश्रा आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक शामिल रहे।

# नाकापारा आंगनबाड़ी केंद्र कई सालों से जर्जर, सीपेज से दीवार हो रही गीली

- अब बिजली मीटर में जा रहा पानी, हो सकती है बड़ी दुर्घटना
- तीन साल से शौचालय बंद, बच्चे जाते हैं खुले में
- मरम्मत करवाने प्रशासन नही दिखा रहा कोई दिलचस्पी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 12 अगस्त ।** दन्तेवाड़ा जिले के गीदम नगर के वार्ड नं 13 स्थित नाकापारा आंगन बॉडी केंद्र इन दिनों पूरी तरह से जर्जर हालत में हैं। यहाँ मरम्मत कार्य कराने जिम्मेदार कोई दिलचस्पी नही दिखा रहे शायद यही वजह हैं कि कई सालो से इस आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत कार्य नहीं हुई है नतीजन यहां बच्चे बारिश में टपकती छत के नीचे बैठने के लिए ही मजबूर है । सीपेज से यहां बारिश में दीवार गीली रहती है अब यहां बिजली के मीटर में भी पानी आ रहा ऐसे में यहां बच्चो के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है । खिड़की टूटी है, पंखा तीन साल से खराब है, अतिरिक्त कक्ष, रसोई कक्ष , स्टोर रूम समेत सभी जगह दीवार से सीपेज बढ़ रहा , यहाँ रखी सामग्रियां गीली हो रही, शौचालय तीन साल से बंद पड़े है ऐसे में बच्चे व बच्चियां खुले में ही जा रहे ।

### गीली दीवार से बच्चों की बनी पेंटिंग भी हुई खराब

आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपनी कला को प्रदर्शित करने यहां कागज में पेंटिंग बनाई गई थी जिसे दीवार पर लगाया गया था ताकि आंगनबाड़ी में बाहर से आने वाले लोग बच्चो की इस कला को देख सके लेकिन दीवार गीली होने के कारण यहां बच्चो के सारे पेंटिंग्स भी खराब हो गए ।

बताया जा रहा इन सबकी जानकारी विभाग को भी कई बार दी गई लेकिन आज तक इस आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत के लिए यहां कोई दिलचस्पी नही दिखाई गई नतीजन अब सीपेज इतना बढ़ गया कि बिजली मीटर में भी पानी आने लगा है और दीवार में करंट आने का खतरा बना हुआ है । यहां पदस्थ कार्यकर्ता से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि विभाग को इसकी सूचना दी गई है , साथ ही नगर पंचायत में भी शिविर में इसकी जानकारी दी गई है ।

■ इधर इस मामले जब महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी आर के टंडन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गीदम में 5, 6 आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत कार्य की स्वीकृति आ गई है जिसमे नाकापारा आंगनबाड़ी भवन भी शामिल है । कार्य एजेंसी नपं है अब तक कार्य हो जाना चाहिए था । वही शौचालय बंद है तो उसे शुरू करवाया जाएगा। इधर सीएमओ नपं गीदम भगवती ध्रुव ने बताया कि आज ही दिखवाता हु आंगनबाड़ी भवन और जल्द ही काम शुरू करवा दिया जाएगा।

## केवीके में कृषि मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण

**सुकमा, 12 अगस्त।** डायरेक्टर अटारी के निर्देशानुसार एवं निदेशक विस्तार सेवाएँ के मार्गदर्शन में आईसीएआर ,पूसा, नई दिल्ली में 109 किस्मों के विमोचन के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 25 कृषि मित्रों ने भाग लिया, कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम सहायक ( मछली पालन) डॉ. संजय सिंह राठौर ने मछली पालन, विषय वस्तु विशेषज्ञ ( कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. परमानंद साहू ने दलहनी एवं तिलहनी फसलों में कृषि यंत्रों का उपयोग, विषय वस्तु विशेषज्ञ (पादप रोग विज्ञान) श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप ने धान फ़सल में रोग नियंत्रण के उपाय तथा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री एच. एस. तोमर ने कृषि में उत्पादन, उत्पादकता और आय बढ़ाने में नई नई विकसित सभी फसलो की किस्मों की विशेषताएं और उपयोगिता पर जानकारी दी। इस कार्यक्रम में केंद्र वरिष्ठ अनुसंधान श्री इंद्रपाल साहू के साथ साथ सभी कर्मचारी रंजना, जुनकी , अर्जुन बुधराम, सुखमन सहित अन्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**महासमुंद 12 अगस्त ।** अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अभियान की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर पूर्वान्ह 9:00 बजे विकसित भारत का मंत्र भारत को नशे से स्वतंत्र की थीम पर समस्त विधार्थियों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारी/अधिकारियों एवं जन सामान्य को नशामुक्त की प्रतिज्ञा/शपथ करने का कार्यक्रम केन्द्रीय मंत्री श्री विरेन्द्र सिंह एवं राज्यमंत्री रामदास अठावले भारत सरकार सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय के द्वारा सम्पन्न हुआ।उक्त कार्यक्रम में भारत देश के समस्त जिले वर्चुअल रूप से जुड़े जिसमें देशभर में 10 हजार स्थानों से कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़कर नशा मुक्ति की शपथ ली। आज यहां जिला महासमुन्द के कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ नशामुक्ति अभियान में वर्चुअल रूप से जुड़कर भारत सरकार द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने प्रेरित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग भी मौजूद थी। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर श्री मनोज खांडे, उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह एवं अन्य जिला अधिकारी-कर्मचारी वर्चुवल कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात शपथ ग्रहण लिया गया। जिसमें समाज को नशे से बचाना, खुद भी नशा नहीं करना और नशे को जड़ से दूर हटाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का शपथ लिया गया।

# मीट गोदाम हटाने के दबाव से व्यापारी परेशान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 12 अगस्त ।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम नगर में मीट, चिकन व मछली व्यापारियों के लिए एक बार फिर संकट गहरा गया, नगर के वार्ड 12 में पुराने मीट मार्केट में स्थित इन व्यापारियों का गोदाम हटाने अब स्थानीय नपं प्रशासन द्वारा दबाव बनाया जा रहा जिससे व्यापारी परेशान है । इन व्यापारियों का कहना है कि नपं ने इस साल जनवरी माह में मीट मार्केट को गीदम साप्ताहिक बाजार स्थल पर शिफ्ट करवा दिया लेकिन वहाँ उचित व्यवस्था नहीं की गई थी ऐसे में वार्ड 12 स्थित पुराने मीट मार्किट में ही अस्थाई रूप से गोदाम संचालन करने का आश्वासन अधिकारियों द्वारा हमे दिया गया था लेकिन अब गोदाम हटाने की भी बात कही जा रही है और गोदाम खाली करने लगातार प्रशासन द्वारा व्यापारियों को नोटिस भेजा जा रहा हैं ऐसे में व्यापारी परेशान है । व्यापारियों ने कहा कि इस समस्या से लगभग 300 लोगों की रोजी-रोटी दाव पर लगी है, आज से 20 साल पहले जब वार्ड क्रमांक 12 में मीट मार्केट के व्यापारियों को धंधा करने के लिए जमीन आबंटन किया गया था तब व्यापारियों ने उस जमीन पर लाखो रुपए खर्च कर मुरूमी करण कर जमीन समतलीकरण का कार्य करवाया और अपना शेड व गोदाम का निर्माण किया था , वहीं पानी की व्यवस्था के लिए व्यापारियों द्वारा कुआं भी बनाया गया था, टेक्स का भी भुगतान बराबर किया जा रहा था। इस साल जनवरी महीने में जब नपं व स्थानीय प्रशासन ने मीट मार्केट को गीदम बाजार स्थल पर शिफ्ट किया तब इन व्यापारियों के लिए यहाँ अधूरी व्यवस्था थी, ऐसे में चिकन, मछली व मीट व्यापारियों ने अपना माल रखने पुराने मार्केट के दुकान को ही गोदाम बने रखने की मांग प्रशासन से की थी जिस पर जिला कलेक्टर ने उन्हें पुराने मार्किट में अस्थाई गोदाम बने रहने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब स्थानीय अधिकारियों द्वारा पुराने मार्केट से गोदाम हटाने की बात कही जा रही है और लगातार दबाव बनाया जा रहा है ऐसे में हम व्यापारी अपना समान कहा रखे? गीदम बाजार स्थल में भी ऐसी कोई व्यवस्था नही है जहां सामान रखा जा सके । इन व्यापारियों का कहना है कि नए मार्केट में शिफ्टिंग के दौरान अधिकारियों ने पूरी तरह से बाउंड्रीवालयुक्त स्थल, शेड , गोदाम समेत जरूरी व्यवस्था करने का आश्वासन दिया था जो आज 8 महीने बाद भी पूरा नही हुआ हैं और बिना व्यवस्था किये ही गोदाम हटाने दबाव बनाया जा रहा। व्यापारियों की मांग है कि प्रशासन पहले मटन मार्केट को व्यवस्थित करे फिर गोदाम हटाने की कार्यवाही करे।

■ इधर इस मामले में जब गीदम नपं सीएमओ भगवती ध्रुव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि व्यवस्थित मटन मार्केट के लिए प्रस्ताव भेजा गया है पर अभी इसकी स्वीकृति नही हुई है, जैसी ही स्वीकृति होगी इस पर काम किया जाएगा, वही पुराने मीट मार्केट वाले एरिया में पानी की टंकी बनी है जहां अब बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य भी करवाया जाना है इसलिए गोदाम हटाने की कार्यवाही की जा रही है हालांकि बारिश के चलते अभी तुरन्त नही हटाया जा रहा, 1 या 2 व्यापारी को छोड़ लगभग सभी व्यापारी खाली करके भी जा चुके है। इधर सीएमओ ने आगे कहा कि मीट मार्केट शिफ्टिंग को काफी महीने भी हो चुके है ऐसे में व्यापारियों को भी इस बीच गोदाम की व्यवस्था कर लेनी चाहिए थी , इससे पहले भी व्यापारियों को सिर्फ जगह ही दी गई थी ।

■ इधर इस मामले में गीदम नपं अध्यक्ष साक्षी शिवहरे सुराना ने कहा कि हम व्यापारियों के साथ है, प्रशासन को पहले उचित व्यवस्था कर लेनी चाहिए थी उसके बाद ही मीट मार्केट को शिफ्ट करना था हालांकि हम प्रशासन से यही मांग करेंगे कि व्यापारियो के लिए वह वैकल्पिक व्यवस्था करे ।

श्रद्धांजलि

जगदलपुर। स्व.पत्रकार गुरू दर्शन सिंह अहलूवालिया को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**कांकेर, 12 अगस्त ।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आमजनों में देश भक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि के उद्देश्य से 09 से 15 अगस्त 2024 तक ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के नेतृत्व में जिले के नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर से पुराना बस स्टैण्ड तक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें अधिकारी-कर्मचारी, एन.सी.सी. व स्काउट गाइड, पुलिस जवान शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में शामिल प्रतिभागियों द्वारा देशभक्ति के नारों के साथ जिले के सभी नागरिकों से अपने-अपने घर में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया गया। नरहरदेव स्कूल के मैदान में यात्रा की समाप्ति के पश्चात कलेक्टर द्वारा उपस्थित सभी लोगों को तिरंगा के सम्मान की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर, एसडीएम कांकेर श्री अशोक मार्बल, डीएसपी श्री जीएस साव सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# देश के विकास के लिए नशामुक्त भारत की शपथ ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द, 12 अगस्त।** नशा मुक्ति दिवस के रूप में आज जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलवाते हुए कहा युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएँगे क्योंकि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए।

## 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन
### सुबह सात बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड से शुरू होगी

**गरियाबंद, 12 अगस्त।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी गरियाबंद जिले में 14 अगस्त को स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह सात बजे गरियाबंद के पुलिस परेड ग्राउण्ड गरियाबंद से प्रारंभ होगी।

मेन रोड में जिला कार्यालय परिसर रोड (देवभोग रोड) तरफ सर्किट हाउस होते हुए लगभग 1.5 किमी तक आगे जाकर वापस पुलिस परेड ग्राउंड में समाप्त होगी। इस दौड़ में जिले के स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, खेल संघों के खिलाड़ी, आम नागरिक शामिल हो सकते हैं। स्वतंत्रता दौड़ में शामिल सभी लोगों से सहिष्णुता एवं देशभक्ति का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग देने की अपील की गई है।

एक नजर

## हर घर तिरंगा रैली निकाल कर लोगों को घरों में तिरंगा झंडा लगाने प्रेरित किया

**महासमुंद 12 अगस्त ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में खेल एवम् युवा कल्याण महासमुंद तथा नगर पंचायत तुमगांव द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह 9 से 15 अगस्त 2024 के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नगरीय क्षेत्र तुमगांव में खेल संघ व खिलाड़ियों ने हर घर तिरंगा अभियान चलाया। खिलाड़ियों ने ÷हर घर तिरंगा÷ कार्यक्रम अंतर्गत साईकिल रैली का आयोजन कर नागरिकों को जागरुक करने के उद्देश्य से रैली खेल मैदान से नगर वॉर्ड होते हुए आस पास क्षेत्र तक रैली निकालकर प्रचार प्रसार किया गया। खिलाड़ियों ने लोगों को अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने का संदेश देते हुए प्रेरित किया ताकि आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत तुमगांव खीर सागर पटेल, डॉक्टर सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, एवन साहू, खेल संघ के सीनियर जूनियर खिलाड़ियों का सहयोग रहा।

खिलाड़ियों ने लोगों को हर घर तिरंगा लगाने किया जागरूक-खेलों इंडिया सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में प्राचार्य महेंद्र टंडन, विद्यालय स्टॉफ, तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन साहू व खिलाड़ियों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया। खिलाड़ियों ने ÷हर घर तिरंगा÷ कार्यक्रम अंतर्गत रैली का आयोजन कर नागरिकों को जागरुक करने के उद्देश्य से रैली निकाली गई। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने लोगों को अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने के लिए पोस्ट ऑफिस से झंडा खरीदने के लिए जागरुक करते हुए अपील किया है।

## तिरंगा यात्रा राष्ट्र निर्माण की पुनर्जागरण की बेला: साय

**राजनांदगांव, 12 अगस्त।** आजादी के अमृत महोत्सव पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर भाजयुमो द्वारा राजनांदगांव में आज जिला भाजपा के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा नए बस स्टैंड से निकाली गई । तिरंगा यात्रा को छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे ने झंडी दिखाकर रवाना किया।मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं डॉ रमन सिंह का जोशीला स्वागत किया। स्वागत अभिनंदन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रमेश पटेल,वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल,सचिन बघेल, भरत वर्मा, दिनेश गांधी, नीलू शर्मा, राजेंद्र गोलछा,रविंद्र वैष्णव, मूलचंद लोधी, कोमल सिंह राजपूत,मोनू बहादुर सिंह गोलू सूर्यवंशी,,सहित मातृशक्ति एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया।स्वागत से अभिभूत प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय एवं डॉ रमन सिंह ने तिरंगा यात्रा को राष्ट्र निर्माण के पुनर्जागरण की बेला बताते हुए कहा कि देश में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव चल रहा है, अब समय आ गया है कि हम अपने पूर्वजों की इच्छा के अनुरूप राष्ट्र का निर्माण करें। हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था में शूमार हुए हैं, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना राष्ट्रीयता के पुनर्जागरण के बिना अधूरा है। इसी वजह से तिरंगा यात्रा व घर-घर तिरंगा अभियान इस दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। नए बस स्टैंड से तिरंगा रैली निकलकर देश के आन बान और स्वाभिमान के जागरण हेतु डीजे की धुन पर भारत माता की जय घोष करती हुई गुरुद्वारा चौक होते हुए मानव मंदिर चौक एवं भारत माता चौक से कामती लाइन से रामाधीन मार्ग होते हुए नन्दई चौक से बसंतपुर स्थित बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल पहुंची जहां पर तिरंगा रैली का समापन हुआ और युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू सिंह बहादुर, शहर अध्यक्ष तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा एवं रोहित चंद्राकर ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया ।

## देश के स्वतंत्रता सेनानियों वीर सपूतों को दें सम्मान

**धमतरी,12 अगस्त।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले में 09 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित किए जाएंगे। इसी कड़ी में आज धमतरी विकासखंड के ग्राम करेठा मे हर घर तिरंगा अभियान के तहत साइकिल रैली निकाली गई वहीं मगरलोड विकासखंड में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा हर घर तिरंगा हस्ताक्षर अभियान चलाकर एवं नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहावा में प्री मैट्रिक बालक छात्रावास के छात्रों एवं समूह की महिलाओं द्वारा बड़ी संख्या में गांव का भ्रमण करते हुए भारत माता का जय गान किया गया। देश के वीर सपूतों की वीरता का बखान किया गया। समूह की महिलाओं ने हर घर तिरंगा फहराने लोगों को आव्हान किया।इस अवसर पर ग्राम पंचायत बनबगीद, पचपेड़ी, भंवरमरा, मोंगरागहन ,सिवनी खुर्द, सेमरा बी, दरागहन ,अमलीडीह, अर्जुनी, धौराभाठा, उमरगांव, भीतर रास की ग्रामीण महिलाओं ने जोर शोर से तिरंगा रैली निकाली गई की प्रशंसा करते हुए सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने जिले के आम नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे भारत के स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करने तथा भारत के विकास एवं प्रगति के लिए समर्पित रहें। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग तथा जनपद पंचायत धमतरी,कुरूद, मगरलोड, नगरी के विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने तिरंगा रैली तथा बाइक के माध्यम से तिरंगा यात्रा में शामिल होकर देशप्रेम की भावना को बनाए रखा।

# नपाध्यक्ष ने मवेशीपालकों से की अपील,मवेशियों को खुला न छोड़े

**महासमुंद,12 अगस्त।** नपाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग के निर्देश पर पालिका टीम शहर के सड़को पर बैठे लावारिश मवेशियों की धरपकड़ कर रही है। शनिवार को पालिका टीम ने शहर के विभिन्न मार्गों में बैठे लावारिश मवेशियों की धरपकड़ की। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने मवेशी मालिकों से अपील करते हुए कहा कि मवेशियों को खुला न छोड़े। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों पर बैठे ये मवेशी यातायात व्यवस्था में बाधक बन रहें है और मवेशियों की वजह से आए दिन छोटे-छोटे हादसे होते रहतें है। मवेशियों की वजह से कभी भी किसी भी नागरिक के साथ बड़ा हादसा हो सकता है, इसे ध्यान में रखते हुए मवेशी मालिक मवेशियों को घर पर बनाए अपने गौठान में रखें। यातायात व्यवस्था में बाधक बनने वाले मवेशियों को नहीं हटाए जाने पर पालिका की ओर से ऐसे मवेशी पालकों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसकी जवाबदेही मवेशी मालिकों की होगी। श्रीमती महिलांग ने कहा उनका उद्देश्य मवेशी मालिको के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं है बल्कि शहर के मार्ग में यातायात व्यवस्था को बहतर बनाना है। ताकि नागरिकों को किसी भी तरह से परेशानी का सामना न करना पड़े। शहर में यातायात को सुव्यवस्थित करने में जिला प्रशासन, पालिका का सहयोग करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है, जिसमें सहयोग की सभी से अपेक्षा है।

## शहर को सुअर मुक्त करने ठोस प्रयास की आवश्यकता : रमेश साहू

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने नव नियुक्त कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा आवारा मवेशियों को मुख्य मार्ग से हटाए जाने के निर्देश पर की जा रही कार्रवाई का स्वागत करते हुए शहर में घूम रहे सुअरों को पकड़कर अन्यत्र जंगल में छोड़े जाने की मांग की है। साहू ने कहा कि पालिकाध्यक्ष द्वारा शहर को सुअर मुक्त करने की वाहवाही लूटी जा रही है। जो वास्तविकता से कोसो दूर है। उन्होंने कहा कि या तो नपाध्यक्ष शहर की भ्रमण नहीं करती या फिर वे अखबारों में गलत बयानबाजी कर रही हैं। शहर को सुअर मुक्त किए जाने का श्रेय लेने से पहले नपाध्यक्ष को एक बार शहर का भ्रमण कर लेना चाहिए। उन्हें पता चल जाएगा कि शहर में कितने सुअर घूम रहे हैं, तथा गंदगी फैला रहे हैं। उन्हें शहर के हर गली-मुहल्ले में सुअर गंदगी फैलाते नजर आ जाएंगे। विष्णुदेव के सुशासन में भाजपा ने बनाया है शहर को भाजपा ही संवारेगी ।साहू ने कहा कि नगर में इन दिनों सुअरों ने लोगों की नाक में दम कर रखा है। लगभग सभी वार्डों में सुअर सारे दिन घूमते रहते हैं और गंदगी फैलाते रहते है। सुअरों के कारण कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बना हुआ है। इस प्रकार की शहर में समस्याओं की कोई कमी नहीं है। बस स्टैंड, बाजार में आवागमन करने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## विभिन्न मांगों को लेकर मितानिनों ने की विधायक से मुलाकात,सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** रविवार को स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कार्यरत मितानिन बहनें महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मिलने विधायक कार्यालय पहुंचे। अपनी मांगों को लेकर मितानिनों ने विधायक को ज्ञापन भी सौंपा। उनकी मांगों के संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया।मितानिनों ने अपनी मुख्य मांगों के संबंध में बताया कि वे जब भी कोई प्रसूति का केस लेकर मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल जाते हैं तो रात में सीजेरियन प्रसव नहीं हो पाता है। उन्हें रेफर कर दिया जाता है। इससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए वे चाहते हैं कि मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल में 24 घंटे सीजेरियन प्रसव की सुविधा हो। इससे गर्भवती महिलाओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मेडिकल कॉलेज व अस्पताल प्रशासन को इस संबंध में निर्देशित करने का आश्वासन दिया।इसी प्रकार मितानिनों ने बताया कि जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में कार्यरत फैसिलिटेटर मितानिनों का कार्य दिवस नहीं बढ़ाया गया है। जिला अस्पताल में कार्यरत 4 मितानिन करीब 14 वर्षों से कार्यरत हैं। उन्हें केवल 13 दिनों का मानदेय मिलता है। ज्ञात हो कि जिला अस्पताल अब मेडिकल कॉलेज हो गया है, जिसके कारण कार्यभार बढ़ गया है। इसलिए वे चाहते हैं कि चारों मितानिनों को पूरे माह का कार्य प्रदान किया जाए।

अन्य मांगों से भी कराया अवगत -अन्य मांगों के संबंध में मितानिनों ने बताया कि वे सभी मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर, जिला समन्वयक विगत 22 वर्षों से राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र (एसएचआरसी) से जुड़कर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वयं संचालन करना चाहता है। उन्होंने निवेदन करते हुए कहा कि उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में जोड़ने से पहले उनकी कुछ मांग हैं, जिनमें समस्त एसएचआरसी स्टॉफ को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में शामिल किया जाए, किसी भी परिस्थिति में उनकी छंटनी नहीं करना और मितानिन से लेकर राज्य स्तर एसएचआरसी स्टॉफ का नियमितीकरण करना शामिल है।

# आवारा पशुओं का व्यवस्थापन नहीं होने से राहगीरों को होती है परेशानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन 10 अगस्त।** जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र अंतर्गत उत्तर पाटन मध्य पाटन से रायपुर और कुम्हारी तक आवारा पशुओं का झुंड जगह-जगह हर गांव गांव में रोड में बैठे देखने को मिलता है। जिसका उचित व्यवस्थापन करने में स्थानीय प्रशासन नहीं ले रहा है रुचि। जिसका खामियाजा आम राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।आवारा मवेशी दिन भर किसानों के खेत खार को चर कर रोड में आकर बैठ जाते हैं। जिससे भारी वाहनों को सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। कही-कही दुर्घटना घटित हो जाती है और बेजुबान पशु की मृत्यु भी हो जाती है। जिस पर किसी भी प्रकार की पशुपालक सहित शासन प्रशासन को लेना देना नहीं है ना ही है। बड़ी बात यह है कि गांव-गांव में गांव गौ रक्षक समिति भी बनी हुई है। कही कही पर गौशाला भी बनी हुई हैउन लोगों को भी इन पशुओं की हालत पर चिंता नहीं है। शासन प्रशासन और पशु पालक के बीच नहीं हो पाया समझौता नहीं कर पाया कोई भी कार्यवाही।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा आवारा पशुओं के लिए गौठानों की व्यवस्था की है। लेकिन विधानसभा की आचार संहिता लागू हुई है।उसी समय से गौठान का संचालन प्रशासन के द्वारा बंद कर दिया गया। जिसके चलते ब्लॉक के कोई भी गौठान में चारा पानी की उचित व्यवस्था नहीं है। यदि स्थानीय प्रशासन सड़क में बैठे मवेशियों को रोका छेका कर गौठान में ले जाकर रखते हैं। तो उनके लिए चारा पानी की व्यवस्था कैसे हो पाएगी जो एक चिंता का विषय है।

सत्ता परिवर्तन के सात माह बीत जाने के बाद भी आवारा पशुओं की व्यवस्थापन राज्य सरकार ने नहीं कर पाई। आखिर इन समस्या से लोगों को निजात कब मिलेगी क्योंकि बीजेपी और कांग्रेस दोनों पाटी एक दूसरे ऊपर आरोप प्रत्यारोप करते हुए नजर आ रहे हैं ऐसे में सड़क में बैठे या किसानों के फसल को चरने वाले आवरा पशुओं का उचित व्यवस्था कैसे हो पाएगी और कैसे आम नागरिक सहित किसानों को इस समस्या से मुक्ति मिलेगी निजात मिलेगी।पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा अल्टीमेटम दिया गया है कि शासन के द्वारा रोका छेका अभियान चलाकर इन आवारा पशुओं को व्यवस्थापन नहीं किया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा 16 अगस्त को जंगी प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय पाटन में आवारा पशुओं गाय और बैल को बांधा जाएगा। अब देखना यह है कि 15 अगस्त तक पाटन ब्लॉक में सड़क पर बैठे आवारा पशुओं का उचित व्यवस्था होता है कि नहीं या फिर व्यवस्थापन जंगी प्रदर्शन के बाद शासन प्रशासन करेगी।

## मुख्यमंत्री साय तिरंगा रैली में हुए शामिल

**राजनांदगांव 12 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव के नया बस स्टैण्ड में आयोजित तिरंगा रैली कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने तिरंगा रैली को शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे। जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 अगस्त से 15 अगस्त के विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राज्य से लेकर जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज राजनांदगांव में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली कार्यक्रम में शहर के गणमान्यगण, जनप्रतिनिधिगण, युवा शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव, पूर्व विधायक मोहित गर्ग, वनमंडलाधिकारी श्री आयुष जैन, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# किलकिला के संत समागम में शामिल होंगे सीएम साय

**पत्थलगावं, 12 अगस्त।** धार्मिक स्थल किलकिलेश्वर धाम मे दिन बुधवार को संत समागम का आयोजन होने जा रहा है। सुबे के मुखिया विष्णुदेव साय के संत समागम मे शामिल होने के कारण इस आयोजन को सफल बनाने मे प्रशासनिक अमला भी जोर शोर से तैयारियों मे जुटा हुआ है। दूसरी मर्तबा शहर आगमन होने पर सी.एम. साय के स्वागत के लिए भाजपायी भी कोई कसर नही छोड रहे है,मांड नदी के तट की साफ-सफाई करा दी गयी है। बी.टी.आई चौक से लेकर किलकिलेश्वर धाम तक की सडक मे भी मरम्मत का कार्य जारी है। बताया जाता है कि संत समागम मे विभिन्न जगहो के संत आकर यहा स्व.दिलीप सिंह जूदेव की 11वीं पुण्यतिथी के आयोजन मे अपनी भागीदारी निभायेंगे। जशपुर कुमार दिलीप सिंह जूदेव की 14 अगस्त को 11वीं पुण्यतिथी है,सनातन संस्कृति एवं हिंदु धर्म की रक्षा के लिए खुद को हमेंशा समर्पित रखने वाले स्व.दिलीप सिंह जूदेव को हिंदु कुल तिलक के नाम से भी जाना जाता है। उन्होने पूरे जीवन काल धर्म की रक्षा मे खुद को समर्पित रखा। हिंदु धर्म से भटके परिवार की घर वापसी कराकर उन्होने हमेंशा हिंदु धर्म को सहेजने का प्रयास किया। यही कारण है कि आज जशपुर जिले की तीनो विधानसभा के साथ जिला भी बाहरी शक्तियों से मुक्त रहकर हिंदु यहा शान से सिर उठाकर रहते है। स्व.दिलीप सिंह जूदेव ने धर्म की रक्षा के लिए जो पदचिन्ह तैयार किये उसका जिला ही नही पूरा प्रदेश अनुशरण करता है। स्व.कुमार जूदेव ने प्रदेश ही नही वरन् केन्द्र तक की राजनीति मे अपना लोहा मनवाया था,वे किसी भी परिचय के मोहताज नही थे,झारखंड,उडीसा,छत्तीसगढ की सीमा मे उन्ही की बदौलत हिंदु धर्म आज भी सुरक्षित माना जाता है। घर वापसी अभियान के महानायक स्व.कुमार हमेंशा विषम परिस्थितीयों को शेरो शायरी के जरिये सुलझा दिया करते थे।11 वर्ष पूर्व उनकी विदायी के समय उनके चाहने वाले पूरे भारतवर्ष के लोगो की आंखे नम हो गयी थी। ।

**पुण्यतिथी पर विशेष आयोजन-** 14 अगस्त दिन बुधवार को संत समागम कार्यक्रम की अगुवाई स्व.कुमार के पुत्र प्रबल प्रताप सिंह जूदेव करेंगे। उनकी अध्यक्षता मे यह कार्यक्रम आयोजित होगा। किलकिलेश्वर धाम मे आयोजित इस कार्यक्रम को बेहद एतिहासिक माना जा रहा है,जिसमे स्वामी कपिल दास जी महाराज के साथ स्वयं प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय,वित्तीय मंत्री ओ.पी चौधरी,राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह,सासंद राधेश्याम राठिया,विधायक गोमती साय,रायमुनी भगत,कृष्णा राय के शामिल होने का अनुमान है।

## जनता की समस्याओं का समाधान सरकार की पहली प्राथमिकता:विधायक

**महासमुंद, 12 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप और नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के मार्गदर्शन में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर नागरिकों की समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए नगरीय निकायों में सतत जारी है। शनिवार को आज शिविर के अंतिम दिन महासमुंद के वार्ड क्रमांक 27,28 और 29 के नागरिकों की समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए महिला जिम के पास पखवाड़ा का आयोजन किया गया था। महासमुंद मे कुल 11 शिविरों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा और अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर ने की।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि एवं स्थानीय विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शिविर मे प्राप्त आवेदनो का निश्चित रूप से हल होगा। यहाँ गौरव पथ का जल्दी ही निर्माण होगा। नहर लीकिंग रोड भी बहुत जल्दी तैयार होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नगर पालिका मे विकास तेजी से होगा। समस्या का मिल जुलकर समाधान किया जायेगा। ज्यादा से ज्यादा आवास बनाने का प्रयास किया जाएगा।हमारी सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से हल करना है। शिविर की अध्यक्षता कर रहे पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर ने कहा कि जब से सरकार आई है तब से विकास के रास्ते खुल रहे है। अब तेजी से विकास हो रहा है। समस्या का समाधान किया जाएगा। मुलभुत सुविधा का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर श्री चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि अध्यक्ष समास्या को समाधान होगा।सतपाल सिंह पाली ने कहा कि विकास का काम कर रहे है, निरंतर विकास कार्य जारी है। आम जनता विधायक से सीधे बात कर सकते है और अपनी समस्या का हल कर सकते है। शिविर में श्री संदीप दीवान ने कहा कि 27 जुलाई से लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना और समस्यों का समाधान करना प्राथमिकता मे है।राज्य के सभी नगरीय निकायों मे शिविर का आज अंतिम दिन है। प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का उद्देश्य है एक मंच के नीचे सभी विभाग मौजूद है ताकि आम जन को भटकना मत पड़े। स्थानीय समस्या को यही समाधान करें. बड़े स्तर की समस्या को उपर भेजा जाएगा।

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ा में 25 सौ आवेदनों का किया गया निराकरण

**बीजापुर,12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यलय के नगर पालिका परिषद् बीजापुर अंतर्गत जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन 27 जुलाई 2024 से 10 अगस्त 2024 के मध्य किया गया. जिसमे वार्ड क्रमांक 01 से वार्ड क्रमांक 15 के नागरिक अपनी मांग एवं समस्या लेकर शिविर स्थल में पहुचे , उपरोक्त जन समस्या समाधान शिविर के तहत नागरिको के द्वारा नवीन नल कनेक्शन , पेंशन , जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, गली सडक , नाली निर्माण , साफ सफाई से सम्बंधित कार्यो व मांग किया जा रहा है ,साथ ही साथ संपत्ति एवं समेकित कर का भी भुगतान किया जा रहा है , जन समस्या समाधान शिविर में स्थानीय नागरिको की समस्या एवं मांगो का त्वरित निराकरण करने का प्रयास भी किया जा रहा है , इसके अतिरिक्त नागरिको का स्वास्थ जांच भी शिविर स्थल में स्वास्थ विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।इसी क्रम में पखवाडा के अंतिम दिन शनिवार को नगर पालिका परिषद् कार्यलय बीजापुर में जन समस्या निवारण पखवाड़ा के समापन शिविर का आयोजन किया गया. जन समस्या निवारण शिविर के प्रारंभ से अब तक कुल 2442 आवेदन विभिन्न मांग एवं समस्या हेतु प्राप्त हुए है , जिनके निराकरण की कार्यवाही भी निरंतर की जा रही है।जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर मे वन विभाग परिक्षेत्र अधिकारियों ने भी एक पेड़ मां के नाम के तहत वार्ड वासियों को निःशुल्क पौधा वितरण किया इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक द्विवेदी डिप्टी रेंजर महेंद्र चंद्रा, नरेंद्र नाग व वन विभाग के कर्मचारीयों ने पौधा वितरण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, पार्षद नन्द किशोर राणा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी व्ही के एस पालदास एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित हुए।

## आईईडी ब्लास्ट में बच्चे की मौत पर नक्सलियों ने मांगी माफी

**बीजापुर, 12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुदवेंदी आईईडी ब्लास्ट को लेकर नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिविजनल कमेटी के सचिव मोहन ने प्रेस नोट जारी किया है। नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर मुतवेंडी में प्रेसर आईईडी की चपेट में आकर मारे गए नाबालिग कोवासी हिड़मा और गढ़िया कुंजाम की मौत पर खेद जताते हुए, उनके परिजनों से माफी मांगी है। मिली जानकारी के अनुसार, मुदवेंदी इलाके में 27 जुलाई को कवासी हिड़मा और मई माह में गाड़िया कुंजाम की मौत, नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आने से हुई थी। नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर प्रेशर आईईडी पुलिस और सुरक्षाबलों को नुकसान पंहुचाने के लिए लगाने का जिक्र किया है और ग्रामीणों को इसकी सूचना देने की बात कबूल की है। नक्सली नेता ने सरकार पर बस्तर में फर्जी मुठभेड़ों में 80 से ज्यादा निर्दोष आदिवासियों की हत्या करने का आरोप लगाया है। पत्रकारों को भी नक्सली नेता ने हिदायत देते हुए कहा कि, आदिवासियों पर हो रहे नरसंहार और फर्जी मुठभेड़ों का फर्दाफाश करें। मीडिया कुछ बातों का दुष्प्रचार कर रही है।

## विस्फोटक सहित 3 माओवादी गिरफ्तार

**बीजापुर,12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी बीजापुर, बस्तर फाईटर एवं थाना गंगालूर की संयुक्त टीम की कार्यवाही में बुरजी-पुसनार के जंगल से 03 माओवादियों को विस्फोटक के साथ पकड़ा गया। पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से टिफिन बम, जिलेटिन स्टीक, माओवादी पर्चे, इलेक्ट्रिक फ्यूज वायर बरामद किया गया। 1. जगती पूनेम ऊर्फ जकती ऊर्फ भीमा पिता लखमा पूनेम उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बड़ेपारा थाना गंगालूर 2. सुकारू पुनेम ऊर्फ सुखराम पिता मासा पुनेम उम्र 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार पेढ़ापारा थाना गंगालूर 3. गुट्टा पुनेम पिता दोसेल पुनेम उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार गोरगेपारा थाना गंगालूर पकड़े गये माओवादी दृश्छ्ष्ठ लगाने, मार्ग अवरूद्ध करने, पाम्पलेट बैनर लगाने की घटनाओं में शामिल थे पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

## अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश

**कोण्डगांव, 12 अगस्त।** विक्की कुमार सोनी पिता हीरालाल सोनी उम्र 38 वर्ष साकिन मरारपारा, कोण्डागांव दिनांक 09.04.2024 को माकड़ी के साप्ताहिक बाजार में सोना चांदी (ज्वेलरी) दुकान लगाया था। माकड़ी बाजार में दिन में व्यापार करने के बाद शाम 05:00 बजे घर जाने के लिए सोने एवं चांदी के जेवर को समेट कर 2 लोहे की पेटी में डाला दोनों पेटी को प्रार्थी के एस क्रास कार के डिक्की मे रखने के लिए नौकर सुखराम को भेजा तब नौकर सुखराम जेवरात से भी लोहे की पेटी को कार के डिक्की में रखने के बाद जेवर दिखाने वाली प्लेट को कार की डिक्की में डालने के लिए गया, देखा तो ऊपर वाली पेटी जिसमे केवल चांदी के जेवर थे डिक्की में नही था, चांदी के जेवर लगभग 06 किलो वजन का था जिसकी कीमत 3 लाख रूपये की है रिपोर्ट पर दिनांक 10.04.2024 थाना माकडी अपरा. 21/2024 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री वाय. अश्वय कुमार के निर्देशानुसार अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रूपेष कुमार डाण्डे व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव श्री रूपेष कुमार एवं सायबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक श्री सतीष भार्गव के मार्गदर्षन में सायबर सेल व थाना माकड़ी से टीम गठित किया गया। सायबर सेल व थाना माकडी के टीम द्वारा चोरी के आरोपी को दीगर राज्य ओडिषा , आंध्रप्रदेष, एवं राज्य के अन्य जिलों में लगातार पता तलाष की जा रही थी इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का आरोपी सुर्दषन प्रधान पिता स्व. रत्नाकर प्रधान जाति पोतरिया प्रधान उम्र 45 वर्ष ग्राम दसमनिया ग्राम पंचायत मनतिरा थाना मोईपाल जिला जाजपुर उडिसा ने अपने साथी को जेल से छुडाने व सामान खपाने के लिए जयपुर की ओर आने की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 02 किलो चांदी, 400 ग्राम चांदी के बर्तन, 02 नग छोटी मुर्ति, 05 नग चादी नुमा बडी मुर्तियॉ , 01 नग मोटर सायकल कुल जुमला साढे चार लाख रूपये बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही में सायबर सेल से उपनिरीक्षक विनोद नेताम ,प्र0आर0 अजय बघेल लुमनसिंह भण्डारी, आर0 संतोष कोडोपी, अजय श्रीवास्तव, जितेन्द्र मरकाम, बीजू यादव, म0आर0 चन्द्रवती नेताम, व थाना प्रभारी निरीक्षक सुषील पटेल, प्र0आर0 राकेष जुर्री, आर0 राजू पानीग्राही, धन्नू पटेल का कार्य सराहनीय रहा।

# कोसमर्रा में निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 12 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गई है जिनका मुख्य उद्देश्य देश के हर घर मे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि देश के नागरिकों मे राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ाया जा सके इस अभियान में भाग लेकर देश के सभी नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने स्पष्ट स्वयं सहभागिता दे सकें।इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कोसमर्रा द्वारा हरख जैन के मुख्य आतिथ्य में हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा यात्रा संपादित किया गया।गांव गली चौक भ्रमण कर अटल चौक में कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरख ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के 74 वर्षगांठ पूर्व आयोजित किए गए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना को संजीदगी से स्थापित करना है। उन्होंने तिरंगा के तीन रंग का महत्व बतलाते हुए मां मातृभूमि और मातृभाषा से विशेष अनुराग को स्पष्ट किया। गाँव के सरपंच ओमप्रकाश साहू, सचिव राधाकृष्णन साहू, रोहित निर्मलकर, दिनेश देवांगन, गुहान दास मानिकपुरी, मन्नू साहू, मनोज अवस्थी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता कश्यप सुरेखा निर्मलकर, समूह प्रमुख ललिता साहू, देसूराम, मानसिंह, असरज साहू, लोमन सिंह कंवर, मनीष कश्यप, त्रिलोचन, भुनेश्वर सोनी, देवेंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## युवा-वृद्ध, स्वयं सहायता समूह, आंबा कार्यकर्ता, मितानिन और आदिवासी समाज प्रमुखों ने निकाली तिरंगा यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 12 अगस्त।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम स्वतंत्रता सप्ताह 9 से 15 अगस्त तक कार्ययोजना प्रस्तावित है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज नगर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, युवा एवं वृद्ध, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, नगर के आदिवासी समाज के प्रमुख इस अभियान में सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम जिलाधीश के दिशा निर्देश एवं जनपद सीईओ आर के ध्रुव के मार्गदर्शन में किया गया। 10 अगस्त गतिविधि में तिरंगा रैली जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के माध्यम से तथा तिरंगा बाइक रैली शासकीय और निजी महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा।11 अगस्त को पंचायत एवं संकुल संगठन स्तर पर तिरंगा प्रतिज्ञा का आयोजन। 12 अगस्त हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम। 13 अगस्त तिरंगा रैली यात्रा एवं कैनवस। 14 अगस्त तिरंगा मेला। 15 अगस्त तिरंगा सम्मान, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा दौड़ का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से कयाराम यादव करारोपण अधिकारी, हेमलाल कंवर एडीओ, सुभाष निर्मलकर का रहा। उक्त कार्यक्रम में शीतल ध्रुव समाजसेवी, समाजिक पुनीत राम ठाकुर, संतोष सोरी, प्रेमन ध्रुव, पंकज ठाकुर, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष, छतर सिंह ठाकुर, नीलकंठ ठाकुर जनपद सदस्य, थानेश्वर कंवर, जागृति ठाकुर, शांति ठाकुर, सपना कंसारी, तुलेश्वरी कंवर, बिंदु जैकब, भारत साहू एवं युवा गण उपस्थित थे।

## एक नजर

### कैबिनेट मंत्री टंकराम ने की सोमनाथ धाम में पूजा

**तिल्दा-नेवरा, 12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम लखना स्थित सोमनाथ धाम में महादेव की पुजा अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। साथ ही इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला बलौदाबाज़ार द्वारा आयोजित सावन महोत्सव में केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने भगवान शंकर की महिमा का वर्णन किया और प्रदेश की बीजेपी सरकार के मुखिया विष्णु देव सहाय जी द्वारा प्रदेश के लोगो के लिए अनेक योजनाओं के अलावा महिलाओ के लिए अनेक योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा की महिला मोर्चा समाज के हर वर्ग की महिलाओ को योजना का लाभ दिलाए सावन महोत्सव में सम्मिलित होकर सभी को शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श् गोरी शंकर अग्रवाल बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल सहित ग्रामीण बीजेपी के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### शाला विकास समिति के अध्यक्षों का मनोनयन

**तिल्दा-नेवरा, 12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व मंत्रीटंकराम वर्मा की अनुशंसा पर शाला विकास समिति के अध्यक्षो का मनोनयन किया गया है। विगत दिवस बलौदाबाजार विधानसभा अंतर्गत तिल्दा विकासखण्ड में संचालित शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हेतु अध्यक्षो को मनोनीत किया गया है जिसमे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सासा होली तिल्दा नेवरा में रानी सौरभ जैन, बद्री नारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय नेवरा में मनोज निषाद को अध्यक्ष ऩुक किया गया है इसी कड़ी में ग्रामीण अंचलो में ग्राम बन भिंभौरी, गुजरा, भूमिया, देवरी, खपरिकला, सरोरा, सतभावा, ताराशिव, तरपोंगी एवं टोहड़ा में भी अध्यक्षो की नियुक्त होने पर अभिभावकों सहित शिक्षकों ने सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान शाला के उत्तरोत्तर विकास के लिए प्रयास करने की बात कही है। अध्यक्षो की नियुक्त होने पर ग्राम वासियों मे हर्ष है।

### कलेक्टर ने किया मत्स्य बीज उत्पादन के प्रक्रिया का अवलोकन

**बालोद, 12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी के मछली पालन विभाग के कार्यालय परिसर में स्थित शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में निर्मित हेचरी, इंक्यूवेशन पूल, ओव्हर हेड टैंक आदि का निरीक्षण कर मत्स्य बीज उत्पादन के प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मछली बीज उत्पादन के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अण्डे के अलावा 15 दिन तथा एक महीने के अवधि के मछली बीजों का भी अवलोकन कर अधिकारियों से इसके निर्धारित दर के संबंध में जानकारी ली।

## घुनघुटी नाले में पुल निर्माण क्षेत्रवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग

# पुल निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने से ग्रामीणों में नाराजगी

- पुल निर्माण के साथ-साथ यहां पर किनारे पूरक सड़क की आवश्यकता हैं जिसे नहीं बनाया गया है,
- स्कूल के बच्चे व राहगीरों व जतमई दर्शन श्रद्धालुओं के लिए 10 माह में होना था निर्माण लेकिन 30 माह बाद भी नहीं हो सका पूरा
- पानी में पड़े जंग लगे सरिया का हो रहा है उपयोग, गुणवत्ता पर उठ रहे है सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा छुरा क्षेत्र के मड़ेली-जरगांव मार्ग पर घुनघुट्टी नाले मे बन रहे उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य चल रहा जिसकी गुणवत्ता पर लगातार प्रश्न चिन्ह लग रहा है।कार्य देखने नहीं विभाग के इंजीनियर आते हैं और नहीं ठेकेदार के इंजीनियर कार्यों की देख देख करते हैं।पूरा कार्य स्थानीय राज मिस्त्री के माध्यम से किया जा रहा है।

विभाग के इंजीनियर के द्वारा समय समय में पुल निर्माण की गुणवत्ता को देखने नहीं जाने के कारण है इसका पूरा लाभ ठेकेदार उठा रहे है, समय पर कार्य नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, उक्त मार्ग से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जतमई, घटारानी जाने का छोटा रास्ता होने की वजह से लोगों की गाड़ियां फ्स रही है, पुल निर्माण के साथ-साथ यहां पर किनारे से अस्थाई सड़क की आवश्यकता हैं जिसे नहीं बनाया गया है जिस पर मोटरसाइकिल तो मुश्किल से निकलती है जिसमें कार व बड़ी गाड़ियां लगातार फ्स रही है जिससे लोगों को परेशानी होती है जो बाहर से यहां दार्शनिक स्थलों का दर्शन करने आते हैं और शॉर्टकट के चक्कर में इस मार्ग पर घुस जाते हैं और पूरक सड़क नहीं होने की वजह से अक्सर छोटी गाड़ियां फंस जाती है जिससे यात्री काफी परेशान होते हैं साथ ही क्षेत्रवासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।पुल निर्माण मे हो रही देरी व बारिश के दिनों मे नदी मे पानी रहने कि वजह से नदी के उस पार के लोगो को ब्लाक मुख्यालय पहुंचने के लिये 20 किलोमीटर का अतिरिक्त सफ्र करना पड़ रहा है जिसके कारण लोगो का समय के साथ अतिरिक्त पैसा खर्च हो रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों मे विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रशासकीय स्वीकृति की राशि 3 करोड़ 91 लाख 75 हजार रुपये (तीन करोड़ इक्यानवे लाख पछहत्तर हजार रुपये) है।

उक्त पुल का निर्माण ठेके की राशि 2,88,64,800 (दो करोड़ अठ्ठयासी लाख चौसठ हजार आठ सौ रुपये) एक मुश्त है।कार्य आदेश 25 जनवरी 2022 को किया जाना है एवं पूर्णता दिनांक 24 दिसंबर 2022, 10 महीना में किया जाना था, किंतु अगस्त 2024 होने वाला है पूर्णता से लगभग 30 माह के बाद भी कार्य पूर्ण चल रहा है अब इसमें यह देखना है कि ठेकेदार को शासन द्वारा पुल निर्माण में देरी के लिए जुर्माना की व्यवस्था या देरी के नाम पर पुल निर्माण हेतु अन्य राशि का प्रावधान कर ठेकेदार को उपकृत किया जाएगा, पुल की लंबाई 90 मीटर है कुल फिलर 9 नग, पहुंच मार्ग मड़ेली की ओर।135 मी.और जरगांव की ओर।105 मी.कुल लंबाई 240 मीटर है पुल का निर्माण कार्य की मांग लगातार क्षेत्र के लोगों के द्वारा किए जाने पर कार्य स्वीकृत हुआ है

जिसके कारण क्षेत्रवासियों मे विभाग और ठेकेदार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों का कहना है कि लम्बे मांग के बाद पुल निर्माण कि स्वीकृति मिली थी निर्माण पुल का कार्य जब शुरू हुआ तो ऐसा लग रहा था कि पुल जल्द ही बन कर तैयार हो जायेगा, वही पुल निर्माण मे लम्बे समय से पड़े जंग लगे सरिया का उपयोग हो रहा है जिससे पुल निर्माण के गुणवत्ता पर भी प्रश्न चिन्ह उठ रहा है राजधानी मे बैठे सेतु विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस पुल निर्माण का निरीक्षण करते है कि नहीं यह पता नहीं अतः गुणवत्ता में ध्यान नहीं देने से ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है।

## सिमगा कॉलेज परिसर में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 12 अगस्त।** राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 मीना मेश्राम मैडम ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में मैडम ने जनजातियों की समस्या एवं उन्हें विकास के और अधिक अवसर उपलब्ध कराने की बात कही। साथ ही जनजातियों के लिए भारतीय संविधान में किए गए महत्वपूर्ण प्रावधानों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापक आशीष यादव जी ने अपने वक्तव्य में बताया कि जनजातीय समूह आज भी इतनी अच्छी जीवनशैली जीते हैं कि भविष्य में हम जब अपने विकास के चरम पर पहुंचेंगे तब उनकी जीवनशैली का अनुपालन करेंगे।

इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगी में सुकन्या साहू (बीएससी प्रथम सेमेस्टर), कृपाल सिंह (एम ए हिंदी तृतीय सेमेस्टर) दिव्या (बीए प्रथम सेमेस्टर) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया, रंगोली प्रतियोगिता में कामनी वर्मा एवं रूखमणी ने प्रथम, कमलकांत एवं समूह ने द्वितीय एवं वर्षा महिलेश्वर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक वाणिज्य सुश्री सुनीता साकेत, अतिथि व्याख्याता हिंदी डॉ0 रणजीत सिंह, अतिथि व्याख्याता सुश्री संगीता साहू, प्रयोगशाला तकनीशियन विक्रम साहू एवं विभिन्न कक्षाओं के छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉश्र अंकिता अंधारे अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 हरिश कुमार साहू अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान ने किया।

## गुरुद्वारा गुरुसिंग सभा ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए अरुण छाबड़ा का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 12 अगस्त।** पंजाबी गुरूद्वारा गुरु सिंग सभा बेमेतरा में कीर्तन संमागम के आयोजन के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम मे अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा एवं गुरू द्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी समाज सेवी को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में भी कई समाज सेवी संस्थाएं एवं मानद उपाधि डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में सामाजिक धार्मिक साहित्यिक सांस्कृतिक सेवाओं में लगातार बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाले अरुण छाबड़ा (बंटी) ने अपने स्वर्गवासी पिता चैतराम छाबड़ा की स्मृति में एक स्वर्गरथ वाहन शहर को उपलब्ध कराया है। नगर के लोगों के लिए बहुत ही गौरव और सम्मान की बात है कि 2196 फीट लंबा तिरंगा जिसे 1378 छात्र छात्राओं द्वारा लहराकर गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भाटापारा का नाम बंटी छाबड़ा ने दर्ज करा कर नगर का सिंह नाम रोशन किया था। उनके सम्मानित होने पर हरपाल सिंह भांमरा नितिन भंसाली, स. दलजीत चावला सोनू सलूजा राजकुमार मल देवेन्द्र भृगु सुधीर मिश्रा आलोक मोदी, कैलाश बालानी, तंजीव अरोरा, अनिल जयसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी त्रिलोक सिंह सलुजा, हरमिंदर सिंह चावला, देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी, राजा टूटेजा, मंजीत छाबड़ा ने दी।

## समाचार संक्षेप

### हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान में मानव श्रृंखला बनाकर दिया वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश

**छुरा, 12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा के नारों के साथ तिरंगा रैली निकाली गई। आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला एवं कन्या आश्रम प्राथमिक शाला छुरा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आम नागरिकों के अंदर देशभक्ति की भावना विकसित करने हेतु विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। लोगों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर *विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा* गीत गाते हुए जनसमूह को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने का प्रेरणा दिया। मानव श्रृंखला बनाकर वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया।प्रधानपाठक निर्भय सिंह ठाकुर द्वारा तिरंगा प्रतिज्ञा का शपथ दिलाया गया। सभी ने तिरंगा झंडा हाथों में लेकर सेल्फी लिया। सुरक्षित शनिवार अंतर्गत समन्वयक शंकर लाल यदु ने आपदा प्रबंधन की जानकारी दिया। आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया गया। तिरंगा रैली में समन्वयक शंकर लाल यदु, प्रधान पाठक निर्भय सिंह ठाकुर, योगेश्वरी बंजारे, हेमा चंद्राकर, करुणा वर्मा, उमेश कुमार ढीढी, चंद्रभूषण निषाद, तरुण साहू, अर्जुन धनंजय सिन्हा, बाल संसद के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### आदर्श रामलीला नाटक मंडली ने मनाई तुलसीदास जयंती

**भाटापारा, 12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा की सबसे प्राचीन 105 वर्ष पुरानी आदर्श रामलीला नाटक मंडली स्थापित सन 1920 के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर भाटापारा के शंकर वार्ड स्थित पुराना गंज मैदान रामलीला कार्यालय में हनुमान चालीसा, आरती एवं तुलसीदास जी के पूजन अर्चना कर उनके द्वारा रचित राम चरित्र मानस की पूजा अर्चना कर एवं प्रसादी वितरण कर मनाया गया। भाटापारा के आदर्श रामलीला नाटक मंडली तुलसीदास जी को अपना आधार मानती है क्योंकि तुलसीदास द्वारा रचित रामचरित्र मानस के आधार पर नवरात्र पश्च में भगवान रामचंद्र जी के चरित्र वर्णन की गाथा पर लीला भाटापारा के लोगों के सामने प्रस्तुत करती है और भगवान राम के आदर्श एवं उनके मार्गो पर सभी को चलने के लिए प्रेरित करती है। तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर भाटापारा आदर्श रामलीला नाटक मंडली के अध्यक्ष एवं संगीत निर्देशक प्रकाश शर्मा, लाला देवनारायण शर्मा, रामलीला उपाध्यक्ष जगदीश वैष्णव, सचिव कोमल शर्मा, प्रबंधक हेमंत मल, संदीप मल, बाबू सूर्यकांत शुक्ला, बजरंग चौरसिया, वरिष्ठ कलाकार मनोज गुप्ता एवं अन्य कलाकारों में धर्मपाल सोनी, नमन मल, आयुष तिवारी, हर्ष गुप्ता, श्यामम्मल जयमल, अभी अग्रवाल, मंगल मिश्रा, वैभव तिवारी, लक्ष्य चौरसिया, आदित्य सोनी, आदित्य जोशी, लव शर्मा, काव्यांश शर्मा एवं सभी रामलीला से संबंधित सदस्य उपस्थित रहे।

### तुलसीदास जयंती पर मानस सम्मेलन आयोजित

**भखारा, 12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मानस शक्ति केंद्र भखारा के तत्वावधान में ग्राम- सुपेला में तुलसीदास जयंती मनाया गया कार्यक्रम की विधिवत प्रारंभ प्रभू रामचन्द्र एवं रामचरितमानस के रचयिता तुलसीदास जी की पूजा अर्चना उपरांत किया गया इस अवसर पर मानस सम्मेलन के मुख्य अतिथि मानस शक्ति केंद्र धमतरी जिला अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, प्रचार मंत्री फ्लेश साहू, उपाध्यक्ष योगेश्वर उपाध्याय, मानस शक्ति केंद्र भखारा अध्यक्ष प्रतिभा साहू, सचिव गजेंद्र नारायण साहू, कोषाध्यक्ष भानू राम सार्वा, उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू एवं ग्रामीण दयालू राम साहू, कृष्णदयाल साहू, हितेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, मूलचंद साहू, बुद्धदेव साहू के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ तुलसीदास जयंती पर आयोजित मानस सम्मेलन में संगम मानस मंडली सुपेला, जय माँ सरस्वती बालिका मानस मंडली सिलतरा, जनक नंदिनी मानस मंडली सिंगरेही, वेद मानस परिवार देवरी एवं मातृत्व मानस परिवार सेमरा बी का प्रस्तुतिकरण हुआ जिसमें मानस मंडलियों द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र जी की आदर्शों व उनके सैद्धांतिक मूल्यों पर चर्चा करते हुए उनकी महिमा पर बखान किया एवं मंचस्थ मंडलियों ने सुमधुर गीत संगीत ध्वनि से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया इस अवसर पर महाश्वेता शिशु मंदिर के प्राचार्य हितेंद्र कुमार साहू द्वारा मानस शक्ति केंद्र के अध्यक्ष प्रतिभा साहू को सम्मान स्वरूप रामचरित मानस ग्रंथ भेंटकर सम्मान किया गया।

- म.शि.शु मंदिर के प्राचार्य हितेंद्र साहू ने मानस ग्रंथ भेंटकर मानस शक्ति केंद्र का किया सम्मान

## भाजपा मंडल कसडोल की बैठक प्रदेश मंत्री के आतिथ्य में सम्पन्न

# हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने जनसहयोग जरूरी: श्यामबाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 12 अगस्त।** आज भाजपा मंडल कसडोल की आवश्यक बैठक दर्रा कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्यरूप से श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा, गिरधारी वर्मा मंडल प्रभारी, मेलाराम साहू मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रम 11 अगस्त से 15 अगस्त तक ÷हर घर तिरंगा अभियान के तहत विस्तार से जानकारी दी गई। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान को सफ्ल बनाने एवं जन-जन को अपने-अपने घरों एवं दुकानों की छत पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करने हेतु सभी से आग्रह किया गया। साथ ही युवा मोर्चा के द्वारा बाईक रैली, धार्मिक स्थल व महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई व माल्यार्पण, 14 अगस्त विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर संगोष्ठी, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक बूथ में मनाने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया। आज की इस बैठक में श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा, गिरधारी वर्मा मंडल प्रभारी, मेलाराम साहू मंडल अध्यक्ष, राजकुमार जायसवाल जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, कृष्ण कुमार पटेल जिला मंत्री, नवीन मिश्रा सभापति जिला पंचायत, संतोष कश्यप जिला प्रतिनिधि, डॉ सुदीप मानिकपुरी उपाध्यक्ष, महामंत्री द्वय रामचंद ध्रुव, अंजीव जायसवाल, गणेश साहू जिला कोषाध्यक्ष भाजयुमो, नागेश्वर साहू मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, दिलहरण जायसवाल मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, निर्मला साहू उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, समारू कैवर्त महामंत्री भाजयुमो, अनिल श्रीवास मंडल मंत्री, नंदकुमार धीवर, जगदीश घृतलहरे, हृदय जायसवाल, शिव साहू, फनिदेव पटेल सहित मंडल कसडोल के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मनरेगा की मजदूरी राशि जारी करे केन्द्र सरकार : रात्रे

**भखारा, 12 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** धमतरी जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ की मनरेगा योजना का पैसा केन्द्र सरकार बिना देर करें जारी करें। धमतरी जिले की लगभग तीस करोड़ रूपए मनरेगा योजना का बकाया है आशीष रात्रे ने बताया कि रक्षाबंधन का त्यौहार सामने है लेकिन तीन महीने से ज्यादा समय हो बीत गया है लेकिन अभी तक ग्रामीण क्षेत्रो में मनरेगा योजना के तहत काम किए गये लोगों को अभी तक अपने मेहनत का पैसा नहीं मिलने से परेशान हैं ग्रामीणों से पूछने पर बताया कि पहले पन्द्रह दिनो में सभी के खाते में रोजगार गारंटी का राशि आ जाता था लेकिन इस समय लंबे इंतजार करवा रहे हैं मनरेगा योजना का पैसा केन्द्र सरकार द्वारा नहीं आने से रक्षाबंधन पर्व फीका लग रहा है आशीष रात्रे ने कहा कि सरकार केन्द्र में बैठे अपने डबल इंजन की सरकार पर दबाव बनायें ताकि समय पर राशि का उपयोग किया जा सके। बड़े बड़े दावे करते थे कि डबल इंजन की सरकार आने पर फ्यादे विकास कार्य में तेजी आएगी लेकिन सरकार का सिर्फ बातें हवा हवाई लग रही है रक्षाबंधन के पूर्व मनरेगा योजना का पैसा नही आने पर केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफआवाज बुलंद कर आन्दोलन किया जायेगा।

# स्वतंत्रता दिवस पर नए जिलों की सौगात का इंतजार

## पत्थलगांव को जिला बनाने का चुनावी वादा किया था विष्णुदेव साय ने

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 15 अगस्त को प्रदेशवासियों को सौगात देने की तैयारी कर रहे हैं। पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग लंबे अरसे से की जा रही है। यहां के नागरिक पत्थलगांव को जिला बनाने का लंबे अरसे से इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मजदूरों, किसानों तथा समाज के अन्य वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करने की तैयारी कर रहे हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वतंत्रता दिवस पर रायपुर में ध्वजारोहण करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर अपने संदेश का पाठन भी करेंगे। राज्य के विभिन्न जिलों में प्रभारी मंत्री संदेश पढ़कर सुनाएंगे। राज्य में मुख्यमंत्री ने चुनावी घोषणा के तहत महतारी वंदन योजना, किसानों के लिए धान की मूल्य वृद्धि को मूर्त रूप दे दिया है। अब बुजुर्गों के लिए

■ कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणाएं की जाएगी

तीर्थ यात्रा एवं सामाजिक सरोकार योजना के तहत विभिन्न योजनाओं में राशि बढ़ाने का विचार किया जा रहा है। प्रदेश में वर्तमान में 33 जिले हैं। नए जिलों में मनेन्द्रगढ़, मानपुर मोहला को राजनीतिक दबाव में बनाया गया है। मध्यप्रदेश के समय से में पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग की जा रही है। लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते जशपुर को जिला बना दिया गया। पत्थलगांव से जशपुर की दूरी 100 किमी है। भौगोलिक क्षेत्र के कारण पत्थलगांव, कुनकुरी के लोगों को जशपुर जाने में काफी परेशानी होती है। मुख्यमंत्री कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इसलिए लोगों को आशा है कि वे अपने चुनावी वायदे के अनुसार पत्थलगांव को जिला बनाएंगे।

जब से सत्ता में आए हैं तब से लोगों को उम्मीद बन गई है कि वे पत्थलगांव को जिला बनाने की घोषणा करेंगे। पत्थलगांव से सात बार विधायक रह चुके रामपुकार सिंह ने मांग की है कि पत्थलगांव को जिला बनाया जाए। उन्होंने बगीचा, कुनकुरी तथा कापू क्षेत्र को जिला बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव को जिला बनाने का वादा किया था। यहां के जागरूक नागरिकों ने मुख्यमंत्री के गृहग्राम बगिया में जाकर उनसे पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग की है।

कांवड़ यात्रा

रायपुर, 12 अगस्त। राजधानी में आज सावन सोमवार पर विभिन्न मोहल्लों से शिवभक्तों ने कांवड़ यात्रा निकाली।

## एक नजर

### मोहन लाल तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

**रायपुर, 12 अगस्त।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ का चुनाव बैंक मुख्यालय जीई रोड में संपन्न हुआ, जिसमें कर्मचारी एकता पेनल के प्रत्याशियों की एकतरफा जीत हुई। इस पेनल के सभी उम्मीवारों ने प्रतिद्वंद्वी पेनल सहकारी युवा शक्ति पेनल के उम्मीदवारों को परास्त किया। कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में मोहन लाल साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी देवेंद्र कुमार पांडे को 156 मतों से पराजित किया। मोहन लाल साहू को 325 व देवेंद्र कुमार पांडे को 169 मत मिले। अध्यक्ष पद पर मोहन लाल साहू का कब्जा लगातार तीसरी बार कब्जा बरकरार रहा। वहीं सचिव पद के लिए अविनाश शर्मा को 314 व बंसत कुमार यादव को 170 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद में उत्तरादास टंडन को विजयी घोषित किया गया, उन्हें 309 मत और निकटतम प्रतिद्वंद्वी दिनेश कुमार पटेल को 180 मत प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मुकेश पटेल को पराजित किया। संयुक्त सचिव पद पर हिरदे राम ध्रुव ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी विष्णु वर्मा को पराजित किया तथा संगठन मंत्री पर अनिल वर्मा एवं ओंकार लाल यादव निर्वाचित हुए।

### मानसून ऑफर्स की घोषणा

**रायपुर, 12 अगस्त।** गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स, जो इब्लू रेंज के इलेक्ट्रिक 2 और 3-व्हीलर्स का निर्माण करती है, ने आज अपने ईवी दोपहिया रेंज इब्लू फ्मिो और इब्लू फ्मिो एक्स पर विशेष मानसून ऑफ्र की घोषणा की है। ग्राहक अब इन इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों इब्लू फ्मिो एक्स और इब्लू फ्मिो पर 10,000 रुपए की विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे इनकी एक्स-शोरूम कीमत 99, 999 रुपये से घटकर 89, 999 रुपये हो गई है। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ और डायरेक्टर, हैदर अली खान ने इस ऑफ्र को लेकर अपने उत्साह को व्यक्त करते हुए कहा, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स में, हमारा संकल्प है कि हम अपने ग्राहकों को टिकाऊ और नवीनतम गतिशीलता समाधान प्रदान करें।

### बच्चों के लिए पौष्टिक बिस्किट

**रायपुर, 12 अगस्त।** आईटीसी सनफीस्ट हमेशा से ही ग्राहकों को कुछ नया और खास अनुभव प्रदान करने के लिए मशहूर रहा है। इसी कड़ी में आईटीसी सनफीस्ट ने आज मुर्गी और गायों के बीच अपनी अनोखी कॉन्फ्रेंस की अयोजना की है। इस कॉन्फ्रेंस में प्रतिनिधियों के बीच एक चर्चा हुई, जहां उन्होंने अच्छा पोषण प्रदान करने में उनके योगदान पर जोर देते हुए बच्चों के लिए दूध और अंडे को अधिक आकर्षक बनाने की चुनौतियों पर विनोदपूर्वक प्रकाश डाला। सम्मेलन में साधारण बातचीत के बाद, एक बड़ी पैनल चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। यहां उपस्थिति मशहूर हस्तियों में मदन मोहन मैती, चेयरमैन, नेशनल एग कोआर्डिनेशन कमेटी पश्चिम बंगाल, डॉ. दुलाल चंद्र सेन, वाइस चेयरमैन, आईडीए पूर्वी क्षेत्र, डॉ. अनन्या भौमिक, क्लिनिकल न्यूट्रिशनिस्ट एवं लाइफस्टाइल कंसल्टेंट, सेलिब्रिटी मॉम कोनिका बनर्जी, अर्चना सिन्हा, को-फाउंडर एवं सीईओ, नरिशिंग स्कूल्स उपस्थित थी।

### गोवा में छग की मॉडल ने मारी बाजी

**रायपुर, 12 अगस्त।** जेके यूनिवर्स इंटरनेशन सीजन का आयोजन थाईलैंड में 18 नवंबर 2024 को और गोवा मे जीते विजेताओ की जानकारी गोवा में मिस इंडिया सुपर मॉडल शो में छत्तीसगढ़ की मॉडल ने बाजी मारी वर्षा, छमा, सुजैन, काव्या जैन ने बाजी मारी। जेके सुपर मॉडल सीजन 3 मिस, मिसेज, मिस्टर और किड्स का आयोजन नॉर्थ गोवा होटल नीलम द बैंड में जेके फाउंडेशन की ऑनर टी जया रेड्डी द्वारा 30 मई को शानदार आयोजन के साथ किया गया जिसमें अभिनेत्री रितु शिवपुरी जो की सेलिब्रिटी अतिथि थी। इवेंट का कॉर्डिनेट मनोहर कृष्णानी ने किया। कार्यक्रम के सह प्रायोजक वेदिका टाइल्स के मालिक सतीश अग्रवाल, इसके अलावा जूरी में सोनम श्रीवास्तव, ममता प्रसाद, वीवी गांधीवी, सेलिब्रिटी होस्ट (एकर) गायक लकी तरार, ग्रोमर राहुल खुखरेजा और हर्षिता थे।

### वरिष्ठ पत्रकार रामावतार शर्मा नहीं रहे

**रायपुर, 12 अगस्त।** अंचल के वरिष्ठ पत्रकार मौलिक चिन्तक कलम के धनी रामावतार शर्मा

(69 वर्ष ) का देर रात 12 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थल एमआईजी 722 पद्मानाभपुर दुर्ग (शासकीय नवीन स्कूल के पास) से सुबह 11 बजे निकली। अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी तट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अंचल के ख्याति प्राप्त भगवताचार्य पण्डित सीताराम शर्मा के तृतीय पुत्र, आरएसएस के पूर्व विभाग संचालक डॉ रामस्वरूप शर्मा के छोटे भाई व प्रतीक व पूजा के पिता थे।

## सरयूपारीण ब्राह्मण सभा ने मनाई तुलसी जयंती

**रायपुर, 12 अगस्त।** भक्ति आंदोलन की अलख अगर विश्व मे किसी ने जगाई है, तो वह श्रीरामचरित मानस की रचना कर आचार्य तुलसीदास ने की है, उक्त बातें डॉ सुशील त्रिवेदी पूर्व आई ए एस राज्य निवार्चन आयुक्त ने तुलसी जयंती पर कही। सरयूपारीण ब्राम्हण सभा रायपुर के द्वारा आयोजित तुलसी जयंती के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में कही। सरयूपारीण ब्राम्हण सभा प्रतिवर्ष तुलसी जयंती पर आयोजन करता है।इसी कड़ी में आज तुलसी जयंती मनाई गई। अन्य वक्ता के रूप में समाज के आचार्य यदुर्वंशमणी त्रिपाठी एवम डॉ दादुभाई त्रिपाठी ने भी तुलसीदास के कृतित्व व व्यक्तिव पर प्रकाश डाला। डॉ सुरेश शुक्ला सरयूपारीण ब्राह्मण सभा अध्यक्ष ने कहा कि भगवान श्रीराम को जन जन व घर घर तक पहुंचाने का काम अगर किसी ने किया तो वह सरयूपारीण समाज के कुलपुरुष बाबा तुलसीदास ने की। आभार प्रदर्शन अजय तिवारी ने व संचालन कैलाश तिवारी किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## वार्डों के आरक्षण के लिए समिति गठित

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 12 अगस्त।** नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण की व्यवस्था को लेकर एक समिति गठित की गई है जिसे तीन महीने के अंदर रिपोर्ट देनी होगी। विभिन्न वार्डों में आरक्षण के आधार को लेकर यह समिति अध्ययन कर रिपोर्ट देगी।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर शासन द्वारा सभी तैयारियां शुरू कर दी गई है। वार्डों के परिसीमन के पश्चात मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी। यह सूची वार्डों के आधार पर बनाई जाएगी। इसके पश्चात वार्डों का आरक्षण किया जाएगा। पार्षदों के अनुसार वार्डों के आरक्षण को

लेकर कई कानूनी प्रक्रिया है सिर्फ सामान्य और पिछड़े वर्ग के वार्डों में इसे लागू किया जाता है जबकि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वाले वार्डों में सिर्फ महिला एवं पुरुष का आरक्षण किया जाता है। अलग-अलग वार्डों में विभिन्न जातियों के लोग रहते हैं। इनमें से कई वार्डों को पिछड़ा वर्ग के लिए घोषित कर दिया जाता है। महामाया मंदिर वार्ड में भी यही पेच लगा हुआ है। राजधानी में 70 वार्ड हैं। सरकार द्वारा पूर्व मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है। इस समिति को तीन महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देनी होगी। ज्ञात रहे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नई आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। राज्य शासन ने इसके लिए समिति गठित कर अनुशंसा करने को कहा है।

राज्य के पूर्व वित्त सचिव आरएल विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य शासन की आरक्षण व्यवस्था एवं संवैधानिक स्थिति को देखते हुए समिति इस पर कोई निर्णय लेगी। वार्ड परिसीमन के पश्चात विभिन्न मोहल्लों में अब नागरिक अपने वार्डों के नाम बदलने को लेकर भी परेशान हैं वहीं परिसीमन के कारण शासकीय दस्तावेजों में परिसीमन कराना होगा। फिलहाल भावी उम्मीदवार सभी स्थिति का जायजा ले रहे हैं इसके पश्चात ही चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई जाएगी।

## गृह निर्माण मंडल में जमा हितग्राहियों के तीन करोड़ रुपए वापस

**रायपुर, 12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में मकान की लालसा में अरसे से जमा हितग्राहियों के पैसे वित्त और आवास मंत्री ओ पी चौधरी के कड़े निर्देशों के बाद वापस लौटने लगे हैं। प्रथम चरण में 188 परिवारों के तीन करोड़ रुपए गृह निर्माण मंडल ने लौटाए हैं। बताया गया है कि, जल्द ही अन्य हितग्राहियों को शेष रक़म भी लौटाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में कई पात्र हितग्राहियों ने समय समय पर आवास के लिये पैसे जमा कराए थे। लेकिन विभिन्न कारणों से कई

हितग्राहियों को नियत समय पर या अन्यान्य कारणों से मकान नहीं मिल पाए।पूरे प्रदेश में ऐसे हितग्राहियों के द्वारा मंडल में जमा कराई गई रक़म लगभग 6 करोड़ है। लंबे अरसे से गृह निर्माण मंडल में जमा पैसों की वापसी के लिए हितग्राही परेशान थे।

अपने पैसों की वापसी का इंतज़ार कर रहे हितग्राहियों को वर्षों का समय बीत गया था। इन हितग्राहियों की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए वित्त तथा आवास मंत्री ओ पी चौधरी ने ऐसे हितग्राहियों के पैसे लौटाने के निर्देश देते हुए कहा था -इस काम को वरीयता क्रम में सर्वोच्च पर रखते हुए पूरा किया जाए।

हाउसिंग बोर्ड आयुक्त कुंदन कुमार ने जानकारी दी है कि, मंत्री ओ पी चौधरी के निर्देशों के अनुरूप ऐसे हितग्राहियों के पैसे लौटाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। प्रथम चरण में क़रीब 188 परिवारों के 3.01 करोड़ रुपए लौटा दिए गए हैं। शेष राशि भी जल्द लौटा दी जाएगी।

### रक्षा बंधन पर विशेष ऑफर

रायपुर, 12 अगस्त। इस रक्षा बंधन पर, अमेजन डॉट इन ने अपने पावर्ड बाईकेंड्ब रक्षा बंधन स्टोर के साथ भाई-बहन के इस त्योहार को और भीखास बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, जो 20 अगस्त तक लाइव रहेगा। इस स्टोरसे ग्राहक भाई-बहन के लिए प्यारे बेशुमार उपहारों से अपना उपहार चुन सकते हैं। आपवाहे फैशन के मुरीद हों, खाने के शौक रखते हो या तकनीक के दीवाने हों, यहां आपकेलिए लिंड्ट, इंस्टामैक्स, टाइटन, गिवा, नॉड्ज़, किमिरिका जैसे प्रीमियम ब्रांडों कीबेहतरीन डील उपलब्ध है। अमेजन डॉट इन के विशेष रूप से तैयार किए गए उत्पादों में हैमर्स एवं कॉम्बो सेट, डिज़ाइनर राखियां, प्रीमियम स्नमिंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफ़ोन, परिधान, किचनकेयर उत्पाद, ग्रोसरी और अन्य ढेर सारे उत्पाद शामिल है।

महारूद्राभिषेक

रायपुर, 12 अगस्त। पद्मशाली समाज द्वारा श्री शिव-गणेश मंदिर बूढ़ापारा में महारूद्राभिषेक किया गया। प्रसाद एवं विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया था। यह जानकारी पद्मशाली समाज के अध्यक्ष गोपाल परसावार ने दी है।

## छात्राओं को नशामुक्ति की दिलाई शपथ

**रायपुर, 12 अगस्त।** नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज वर्चुअली जुड़कर शासकीय दानी स्कूल के छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर शपथ ली।

## इक्तिसा जाप का मंगल कलश

**रायपुर, 12 अगस्त।** श्री गुरु देव दयाल को मन में ध्यान लगाए, अष्ठ सिद्धि नव निधि मिले मनवांछित फ्त पाए के संगीतमय इक्तिसा के साथ भैरव सोसाइटी स्थित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में 21 दिवसीय इक्तिसा जाप का मंगलमय स्थापना महोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने गुरु चरणों में अपनी भावांजली अर्पित करते हुए दादा गुरुदेव से समाज व देश में सुख शांति, समृद्धि के लिए अरदास कि, उपरोक्त जानकारी सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष

बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने देते हुए बताया की सर्वप्रथम विधिकारक विमल गोलछा ने नवकार मंत्र का पाठ, गुरु इक्तिसा का सामूहिक गायन से कार्यक्रम को प्रारंभ किया सर्वप्रथम मंगल कलश की स्थापना का विधान दादा गुरुदेव कि छतरी की 3 प्रदक्षिणा लगाकर लाभार्थी परिवारों द्वारा स्थापित किया गया, दादा गुरुदेव की मूर्ति स्थापना के लाभार्थी परिवार तिलोकचंद, शांतिलाल, अशोक बरडिया परिवार से निकेश, अंकिता बरडिया ने प्रभु सीमंधर स्वामी के गर्भ गृह की 3 फेरी दे कर दादा गुरुदेव कि मूर्ति को मार्बल के मंदिर में स्थापित किया वही अखंड ज्योत की स्थापना नूतन चांदी के दीपक में ज्योत प्रज्वलित कर लाभार्थी परिवार मूलचंद संतोष सरला बैद द्वारा पूर्ण विधि विधान, मंत्र उच्चारण के साथ स्थापित कि गई।

## मितानिनों को सता रही भविष्य की चिंता

**रायपुर, 12 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के 'मितानिन' स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जो राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं, अब अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। 2002 में शुरू होने के बाद से, लगभग 75,000 समर्पित कार्यकर्ताओं की इस टीम ने राज्य में स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें मातृ मृत्यु दर को कम करना, शिशु मृत्यु दर को कम करना, संस्थागत प्रसव और टीकाकरण कवरेज में वृद्धि करना शामिल है।

मितानिनों को गांव से लेकर राज्य स्तर तक एक अच्छी संरचित नेटवर्क द्वारा समर्थन प्राप्त है। प्रत्येक 20 मितानिनों के लिए एक मितानिन प्रशिक्षक मार्गदर्शन प्रदान करता है। ब्लॉक स्तर पर, ब्लॉक समन्वयक और स्वास्थ पंचायत समन्वयक (स्ऋ) संचालन की निगरानी करते हैं, जबकि जिला समन्वयक और मितानिन हेल्प डेस्क समन्वयक जिला स्तर और सार्वजनिक अस्पतालों में कार्य करते हैं। यह समर्थन संरचना राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र (साऋष्ट) के मार्गदर्शन में संचालित होती है, जो विशेष रूप से मितानिन कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए 2002 में स्थापित एक अर्ध-राजकीय निकाय है।

मितानिनों को 2,200 की एक निश्चित प्रोत्साहन राशि मिलती है, जो विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहनों द्वारा पूरक होती है। ब्लॉक स्तर तक के समर्थन टीमों को राज्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से वेतन हानि मुआवजा मिलता है। जिला और राज्य स्तर के मितानिन समर्थन कर्मचारी SHRC द्वारा नियुक्त किए जाते हैं और उन्हें NHM निर्देशों के अनुसार भुगतान किया जाता है।

हाल ही में, पूरे मितानिन कार्यक्रम की टीम को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव से इस 75,000 से अधिक कार्यकर्ताओं में व्यापक चिंता और भ्रम पैदा हो गया है। वर्तमान सरकार के चुनाव घोषणा पत्र में मितानिन कैडर को NHM के तहत नियमित करने और उनके प्रोत्साहनों में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने का वादा किया गया था–ये वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। इसके बजाय, उन्हें NHM में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव ने निम्नलिखित चिंताओं के कारण अनिश्चितता उत्पन्न की है।

### बृजमोहन ने केंद्रीय कारागार का किया अवलोकन

**रायपुर, 12 अगस्त।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी स्थित केंद्रीय कारागार का अवलोकन किया इस अवसर पर कारागार स्थित गौशाला का निरीक्षण किया।उन्होंने कहा गौशाला के रखरखाव के लिए 10 लाख रुपए दिए जाएंगे।सांसद ने जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य से जेल में कैदियों की स्थित, सुविधाओं और अन्य विषयों पर चर्चा की।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26